▪ वैशाख शुक्ल - 4 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 284 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 12-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 केजरीवाल, सिसोदिया, जैन जैसे लोगों का भाजपा में कभी स्वागत नहीं होगा : ठाकुर

6 मेजर जेएस पांडियनः बॉक्सिंग से लेकर सैन्य अभियान तक, हमेशा रहे चैंपियन

7 यदि पाकिस्तान से इतना प्यार है तो वहां से चुनाव लड़ें : यादव

## फर्स्ट टेक

### पाक राष्ट्रपति जरदारी को भ्रष्टाचार के दो मामलों में छूट मिली

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को शनिवार को कथित भ्रष्टाचार के दो मामलों में राष्ट्र प्रमुख के रूप में अभियोजन से छूट मिल गई। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा उनके खिलाफ पार्क लेन और तोशाखाना मामले दर्ज किए गए थे। इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा मामलों की सुनवाई कर रहे थे। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार 68 वर्षीय जरदारी ने दो मामलों में छूट अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने राष्ट्रपति की याचिका पर एक लिखित निर्णय जारी किया और उनके खिलाफ सभी कार्यवाही रोक दी।

### एनआईए ने जम्मू में छह स्थानों पर ली तलाशी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की पाकिस्तान समर्थित साजिश मामले में जम्मू में छह स्थानों पर तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि जम्मू और कश्मीर में 'स्टिकी' बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि के साथ हिंसक हमले करने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी अनुषंगी शाखाओं द्वारा साजिश रचने से संबंधित एक मामले में एनआईए की कई टीम द्वारा क्षेत्र के डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिलों में व्यापक तलाशी ली गई।

### इजराइल ने रफह को खाली करने का नया आदेश जारी किया

**रफह/एपी।** इजराइल ने अमेरिका और अन्य देशों की ओर से बढ़ते दबाव को दरकिनार करते हुए अपने सैन्य अभियान को बढ़ाने के लिए गाजा के दक्षिणी शहर रफह को खाली करने का नया आदेश जारी किया है, जिसके चलते हजारों और लोगों को दूसरे स्थानों पर जाने को मजबूर होना पड़ा है।

इजराइल की सेना ने यह भी कहा कि वह तबाह हुए उत्तरी गाजा में घुस रही है, जहां उसके दावे के अनुसार आतंकवादी समूह हमास फिर से संगठित हो गया है। इजराइल ने अब रफह के पूर्वी तिहाई हिस्से को खाली करा दिया है, जिसे गाजा में आखिरी शरणस्थली माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य ने चेतावनी दी है कि इजराइल की योजना के अनुसार रफह पर पूरी तरह से आक्रमण होने से मानवीय कार्य ठप हो जाएंगे और हताहतों की संख्या में भारी वृद्धि होगी।

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | 12-05-2024 | 6:36 बजे |
| सूर्योदय | 13-05-2024 | 5:54 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,664.47 | 22,055.20 |
| (+260.30) | (+97.70) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,363 रु. | 82,429 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# देशवासियों के बीच डर फैला रही कांग्रेस : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**फूलबाणी(ओडिशा)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस की आलोचना की और पार्टी पर आरोप लगाया कि वह पड़ोसी देश पाकिस्तान के पास भी परमाणु बम होने की बार-बार बात कह लोगों के बीच झूठ फैला रही है। ओडिशा के कंधमाल में एक चुनाव रैली को संबोधित करे हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बार-बार यह कहकर लोगों के बीच डर पैदा किया है कि ''संभल के चलो...पाकिस्तान के पास एटम बम है।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''ये मरे पड़े लोग, देश के मान को भी मार रहे हैं।'' मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस ने पाकिस्तानी बम के बारे में यह उल्लेख कर निरंतर डर फैलाया है कि पड़ोसी देश अपने परमाणु आयुध को संभाल पाने में सक्षम नहीं है। मोदी ने कहा, ''वे (पाकिस्तान) अब बम बेचने की कोशिश कर रहे हैं और एक खरीदार ढूंढ रहे हैं। लेकिन कोई भी व्यक्ति बम नहीं खरीद रहा क्योंकि लोग जानते हैं कि उसकी कोई गुणवत्ता नहीं है।''

अटल बिहारी वाजपेयी नीत केंद्र की पूर्ववर्ती राजग सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ही के दिन 26 साल पहले, पोकरण परीक्षण (1998 में) किया गया था और इसने वैश्विक मंच भारत की स्थिति मजबूत की।

मोदी ने कहा, ''कांग्रेस के कमजोर रुख के कारण, जम्मू कश्मीर ने छह दशकों तक आतंकवाद को सहा। कांग्रेस के शासन में, भारत में अक्सर आतंकी हमले हुए, तत्कालीन सरकारों ने निर्णायक कार्रवाई के बजाय वार्ता का विकल्प चुना था। यहां तक कि 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के बाद, कांग्रेस सरकार ने अपने वोट बैंक प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच किया।''

मोदी ने पोकरण परीक्षण का

## कांग्रेस को 'शहजादे' की उम्र से भी कम सीट मिलेंगी : प्रधानमंत्री

**चतरा (झारखंड)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या के राम मंदिर के दौरे के बाद अपमान करने के लिए विपक्षी 'इंडि' गठबंधन की शनिवार को आलोचना की और कहा कि कांग्रेस को अपने 'शहजादे' की उम्र से कम सीट मिलेंगी। मोदी ने चतरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि गठबंधन के नेता विपक्ष की मान्यता हासिल करने के लिए लोकसभा चुनाव के बाद छोटे दलों का विलय करने की योजना बना रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने परोक्ष तौर पर राहुल गांधी के स्पष्ट संदर्भ में कहा, ''कांग्रेस को अपने 'शहजादा' की उम्र से कम सीट मिलेंगी।'' उन्होंने कहा कि गठबंधन ने ''हार पहले ही स्वीकार कर ली है।'' उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के एक बड़े नेता का यह बयान उनकी हताशा को दर्शाता है कि चुनाव के बाद सभी छोटे दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश, ओडिशा और अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकारें बनेंगी, जहां विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लोकसभा चुनाव में 50 सीट भी नहीं मिलेंगी। मोदी ने कहा, ''कांग्रेस की मानसिकता 18वीं सदी की है...राष्ट्रपति द्वारा राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद उन्होंने मंदिर की सफाई की बात की...उन्होंने राष्ट्रपति का अपमान किया। उन्होंने कहा, ''आदिवासियों ने राजकुमार राम को 14 साल के वनवास के दौरान अयोध्या के 'मर्यादा पुरूषोत्तम' राम में बदल दिया, हम इसके लिए आदिवासियों को पूजते हैं, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस इस सम्मान को पचा नहीं पा रहे हैं।''

छेड़छाड़, दुष्कर्म के मामले में

## भाजपा नेता देवराजे गौड़ा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**हासन (कर्नाटक)/भाषा।** छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के नेता और पेशे से वकील जी. देवराजे गौड़ा को शनिवार को एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। भाजपा नेता को शुक्रवार देर रात चित्रदुर्ग जिले के हिरियुर पुलिस ने गुलिहाल टोल गेट पर गिरफ्तार किया। उन्हें हासन पुलिस ने एक गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि इससे पहले शनिवार को उन्हें पूछताछ के लिए हासन जिले के होलेनरासिपुरा ले जाया गया, जहां कथित तौर पर घटना हुई थी। गौड़ा को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हासन जिले की 36 वर्षीय महिला की शिकायत पर गौड़ा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता ने उसकी संपत्ति बेचने में मदद करने के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया। एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गौड़ा के खिलाफ एक अप्रैल को छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था।

### गंगा आरती





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के साथ शनिवार शाम यहां दशाश्वमेध घाट में गंगा आरती में शामिल हुए। गंगा आरती में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए।

## आतंकवाद के प्रति कांग्रेस का रवैया नरम : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद के प्रति उसका रुख ''नरम'' रहा है।



वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, आपने कांग्रेस की अगुवाई वाले संप्रग के दस साल के शासनकाल के दौरान देखा कि कैसे आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त किया गया.... उपयुक्त जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने यहां आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के युवाओं के साथ संवाद के दौरान कहा, वे इस हद तक पाकिस्तान को डोजियर भेजने में यकीन करते थे कि आपको स्मरण आएगा कि मुंबई में हमला कराने वालों को को दंडित नहीं किया गया।

सीतारमण ने कहा, इसलिए, आतंकवाद के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया हमेशा कमजोर एवं नरम रहा है।

इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर 26/11 के आतंकवादी हमले के बाद इस डर से कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया कि उसका 'वोटबैंक' खिसक जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने कांग्रेस की 'कमजोर मानसिकता' के कारण दशकों तक संघर्ष किया है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर है भारत का हिस्सा : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने के डर से सबसे पुरानी पार्टी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है।

राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और देश को परमाणु शक्ति बनाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करने का साहस नहीं है।

गृह मंत्री ने कहा कि देश पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले के दस दिन के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं हवाई हमले किए और उनका (आतंकवादियों का) खात्मा कर दिया।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर एवं नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने संबंधी बयान का जिक्र करते हुए शाह ने रैली में कहा कि वह राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है इसलिए क्या पाक के कब्जे वाले कश्मीर को पड़ोसी देश को दे देना चाहिए। उन्होंने कहा, जब तक यहां भारतीय जनता पार्टी है, ऐसा कभी नहीं हो सकता और पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।

शाह ने कहा, उन्हें (विपक्ष) को शर्म नहीं आती। परमाणु बम के डर से वे पीओके पर हमारा अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आप चिंता न करें, मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा।

### देश का नेतृत्व करते रहेंगे मोदी

**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा कि प्रधानमंत्री 75 वर्ष की उम्र संबंधी 'नियम' का हवाला देकर शाह को अपना उत्तराधिकारी बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के संविधान में ऐसी किसी आयु सीमा के बारे में कुछ नहीं लिखा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर भाजपा में कोई भ्रम नहीं है।




## मरीजों के प्रति चिकित्सक अपनाएं संवेदनशील रवैया : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को चिकित्सकों से त्वरित, संवेदनशील और सस्ती स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि वे अपना समय गरीब मरीजों को देकर समाज में अमूल्य योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सकों को गंभीर मरीजों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और कभी भी किसी गंभीर मरीज को इलाज के लिए कहीं और जाने के लिए नहीं कहना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, समय बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इलाज में देरी से मरीज की जान सकती है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, कभी-कभी हम सुनते हैं कि अगर समय पर इलाज मिलता तो किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा कि अगर किसी की जान बच भी जाती है, तो कई स्थितियों में इलाज में देरी होने पर स्वास्थ्य खराब हो जाता है।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### न्यायिक पारदर्शिता

न्यायिक घेरे के भीतर,
यदि न्यायालय होगा।
तब ही सही फैसले लेना,
सचमुच तय होगा।
हो सकता ना कोई निरंकुश,
सत्य विजय होगा।
ऐसा लोकतंत्र दुनिया में,
कभी न क्षय होगा।।

## सौर चुंबकीय तूफान से लाल रंग की चमक से रोशन हुआ लद्दाख का आसमान

**नई दिल्ली/भाषा।** सूर्य से पृथ्वी की ओर बढ़े सौर चुंबकीय तूफानों के कारण लद्दाख के 'हेनले डार्क स्काई रिजर्व' में आसमान गहरे लाल रंग की चमक से रोशन हो गया।



'सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्पेस साइंसेज इन इंडिया' (सीईएसएसआई), कोलकाता के वैज्ञानिकों के अनुसार, सौर तूफान सूर्य के एआर13664 क्षेत्र से निकलते हैं, जहां से पूर्व में कई उच्च ऊर्जा सौर ज्वालाएं उत्पन्न हुई हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इनमें से कुछ 800 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की ओर बढ़ीं।

लद्दाख में, हेनले डार्क स्काई रिजर्व' के खगोलविदों ने शुक्रवार देर रात लगभग एक बजे से आकाश में उत्तर-पश्चिमी क्षितिज पर एक लाल चमक देखी जो सुबह होने तक जारी रही।

## अफगानिस्तान में भारी बारिश, बाढ़ से 160 की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**काबुल/एजेन्सी। अफगा-निस्तान** के बघलान, तखर, बदख्शां और घोर प्रांतों के प्रमुख हिस्सों में बारिश और अचानक आई बाढ़ में कम से कम 160 लोग मारे गए तथा 117 अन्य घायल हो गए।


यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को दी। बगलान के गवर्नर मुल्ला आलम मजीदी के प्रवक्ता ने कहा,हाल ही में अचानक आई बाढ़ ने गोज़ारगाह-ए-नूर, जेलगाह, नाहरीन, दुशी, बगलान-ए-मरकज़ी, दहना-ए-गोरी, ताला-ओ-बरफ़ाक और बरका जिलों के साथ-साथ प्रांत के अधिकांश हिस्सों को प्रभावित किया। पुल-ए-खुमरी की राजधानी में 130 लोगों की मौत हुई और 100 अन्य घायल हो गए।

मजीदी ने कहा कि प्राकृतिक घटनाओं ने अधिकांश रूप से बरका और बागलान-ए-मरकजी जिलों में स्थानीय लोगों को प्रभावित किया।

### ब्राजील में बाढ़ से 126 की मौत

**ब्रासीलिया/एजेन्सी।** दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में पिछले एक सप्ताह से लगातार मूसलाधार बारिश होने की वजह से कई इलाकों में बाढ़ आने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 126 हो गयी है। प्रांतीय नागरिक सुरक्षा सेना ने शुक्रवार को कहा कि 29 अप्रैल से भारी बारिश हो रही है और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 126 हो गई और 756 लोग घायल हुए हैं तथा 141 अभी भी लापता हैं।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आप कहते हैं कि गुरु के प्रति पूर्णतः समर्पित शिष्य की कोई इच्छा शेष नहीं रहती।मेरा प्रश्न यही है कि यदि कोई इच्छा या चाहत ही नहीं रहेगी तो संसार या संसार का व्यापार कैसे चलेगा?

**उत्तर:** सनातन गुरु-शिष्य परंपरा में ज्ञान प्रवाह के प्रमुख माध्यम दृष्टिपात, शक्तिपात, स्पर्श और शब्द हैं। उदाहरण वर्तमान में भी हैं परंतु जैसे लोक प्रसिद्ध समर्पित गुरु शिष्यों के उदाहरणों में, महेश और उमा के बीच माध्यम स्पर्श और शब्द था, वशिष्ठ और राम के मध्य माध्यम शक्तिपात और शब्द था, कृष्ण और अर्जुन के मध्य माध्यम शब्द और दृष्टिपात था। वैसे ही यहाँ इस प्रश्नोत्तर में माध्यम केवल शब्द है। इसलिए यहाँ सफल ज्ञान प्रवाह हेतु प्रश्नकर्ता और उत्तरदायी दोनों का, हरेक शब्द को एक ही अर्थ में लेना आवश्यक है। इच्छा शब्द ईक्षण अर्थात देखने या दर्शन करने से उद्भूत है। चेतना की जिस अवस्था में देखने और होने की क्रिया के मध्य की अवधि शून्य हो जाती है वहाँ कोई भी इच्छा तत्क्षण पूरी हो जाने के कारण शेष नहीं रहती, अधूरी या शेष बने रहने के कारण पूरी ना हो पाने से नहीं। चेतना की उसी अवस्था में होने पर साक्षी शिष्यों के ईक्षण /दर्शन/दृष्टि में संसार का व्यापार परम सहजता से चलता रहता है। क्या उपरोक्त उदाहरण आपको संसार का व्यापार चलते रहने देने में अवरोध दिखते हैं या संसार के व्यापार को चलते रहने देने के उत्तम उदाहरण ? चिंतन कीजिए।

# 'इंडि' गठबंधन के दल भ्रष्टाचार में लिप्त : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने शुक्रवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए उसे ''धोखेबाजों का जमावड़ा'' करार दिया और लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। हरियाणा के पंचकूला में एक रोड शो के दौरान नड्डा ने विपक्षी दलों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

नड्डा अंबाला से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के लिए समर्थन में आयोजित रोड शो में शामिल हुए। उन्होंने कहा, (नरेन्द्र) मोदी जी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वे (विपक्ष) कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाएं और उन्हें पनपाएं। भाजपा अध्यक्ष ने सवाल किया, कांग्रेस घोटालों की पार्टी है या नहीं? क्या लालू (प्रसाद) की पार्टी घोटाले में लिप्त पार्टी है या नहीं? क्या ममता (बनर्जी) घोटाले में शामिल हैं या नहीं? क्या द्रमुक प्रमुख स्टालिन का परिवार घोटाले में संलिप्त है या नहीं? क्या के. कविता घोटाला में लिप्त हैं या नहीं? यह धोखेबाजों का जमावड़ा है। कई विपक्षी नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। नड्डा ने कहा, अरविंद केजरीवाल आज कहां हैं! मनीष सिसोदिया कहां हैं! (आप के) सत्येन्द्र जैन कहां हैं! (सपा नेता) आजम खान कहां हैं...राहुल (गांधी) जमानत पर हैं, सोनिया (गांधी) जमानत पर हैं, (भूपेंद्र सिंह) हुड्डा जमानत पर हैं। लालू जमानत पर हैं, इसलिए या तो ये नेता जेल में हैं या जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें जनता की कोई चिंता नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, फारूक अब्दुल्ला चाहते हैं कि उनका बेटा उमर मुख्यमंत्री बने। जब (पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह) बादल साहब (जीवित) थे तो वह अपने बेटे सुखबीर (बादल) की राह आसान करने में व्यस्त थे। चौटाला परिवार ने भी यही कोशिश की थी। हर जगह आप एक ही चीज़ देखते हैं। मुलायम (सिंह यादव) के बाद, अखिलेश आए हैं... (बिहार में) अब तेजस्वी हैं, ममता (बनर्जी) अभिषेक (अपने भतीजे) को आगे बढ़ाती हैं, के. चंद्रशेखर राव कविता को आगे बढ़ाते हैं, शरद पवार (अपनी बेटी) सुप्रिया सुले को बढ़ा रहे हैं, उद्धव को आदित्य ठाकरे नजर आते हैं...ये सभी वंशवादी पार्टियां हैं।



## मोदी अपनी आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकते लेकिन दूसरे के खिलाफ कुछ भी बोलते हैं : पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बीड/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं लेकिन वह दूसरों के खिलाफ कुछ भी बोलते हैं। मोदी ने एक दिन पहले ही (शरद पवार की पार्टी पर निशाना साधते हुए) ''नकली राकांपा'' को लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद अजित पवार से हाथ मिला लेने की सलाह दी थी।

शरद पवार ने बीड से पार्टी प्रत्याशी बजरंग सोनवणे के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी पर खुलेआम मुसलमानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बतौर प्रधानमंत्री मोदी को सभी जातियों एवं धर्मों के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा, मोदी अपनी आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं लेकिन वह दूसरों के खिलाफ कुछ भी बोलते हैं। इन दिनों वह खुलेआम मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं जबकि बतौर प्रधानमंत्री उन्हें सभी जातियों एवं धर्मों के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। मुसलमानों के प्रति नफरत स्पष्ट नजर आ रही है। पवार ने मोदी को ''महिला विरोधी और किसान-विरोधी'' करार दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में किसानों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। उनकी सरकार ने महिलाओं के साथ अत्याचार पर अपनी आंखें मूंद ली हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सत्ता के दुरुपयोग और घमंड का उदाहरण है।

## जी20 शिखर सम्मेलन का समापन सबसे संतोषजनक क्षण : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि जी20 शिखर सम्मेलन का समापन अगर उनके करियर का सबसे संतोषजनक क्षण था तो पिछले पांच वर्षों के दौरान सबसे महत्वपूर्ण क्षण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और जापान जैसे देशों के साथ रिश्तों में भारी बदलाव से जुड़ा था। जयशंकर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, पिछले दशक के पांच वर्षों में ये रिश्ते वास्तव में जबरदस्त तरीके से बदल गए हैं। और क्वाड का विकास भी कुछ ऐसा ही है, जिसे हमने डेढ़ दशक पहले आजमाया था, लेकिन सफल नहीं हुए, परंतु दूसरी बार ऐसा संभव हुआ। इस बार इसने वास्तव में काम किया।

जयशंकर ने लगभग एक घंटे लंबे साक्षात्कार में कई मुद्दों पर बात की। इनमें आगे के 10 वर्षों में दुनिया के बारे में उनका दृष्टिकोण, भारत के सामने आने वाली चुनौतियां और उनकी देखरेख में अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश की बढ़ती छवि शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले साल जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना सिर्फ कड़ी मेहनत नहीं थी, कई मायनों में देश की प्रतिष्ठा इस पर निर्भर थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ सितंबर को नई दिल्ली घोषणा-पत्र को अपनाने का ऐलान किया था, जो भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थी, क्योंकि यह (जीत) यूक्रेन संघर्ष को लेकर बढ़ते तनाव और भिन्न-भिन्न विचारों के बीच प्राप्त हुई थी।

घोषणा पर सर्वसम्मति और उसके बाद अपनाने की घोषणा भारत द्वारा यूक्रेन संघर्ष के बारे में जी20 देशों को अवगत कराने के लिए एक नया मसौदा जारी करने के कुछ घंटों बाद आई।

## हरियाणा : कांग्रेस ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन, अल्पमत' सरकार को बर्खास्त करने की मांग की

**चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को हरियाणा के राज्यपाल को एक ज्ञापन देकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत 'अल्पमत' सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक बी.बी.बत्रा, विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें राज्य में राजनीतिक स्थिति का उल्लेख किया गया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में तीन निर्दलीय विधायकों ने नायब सिंह सैनी सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। कांग्रेस ने कहा कि एक अन्य निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने कुछ साल पहले समर्थन वापस ले लिया था और वह मौजूदा हरियाणा सरकार के खिलाफ थे। कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से भाजपा सरकार विधानसभा में अल्पमत में आ चुकी है। इस बीच, एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में 15 मई को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के एजेंडे की अबतक जानकारी नहीं दी गई है। हरियाणा की विधानसभा में वर्तमान में 88 विधायक हैं। दो सीट-करनाल और रानिया रिक्त हैं। भाजपा के 40, कांग्रेस के 30 और जजपा के 10 विधायक हैं। इनेलो और हरियाणा लोकहित पार्टी के एक-एक सदस्य हैं। छह निर्दलीय सदस्य हैं। मुख्यमंत्री सैनी ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया कि सरकार ''स्थिर थी, है और स्थिर रहेगी''। उन्होंने कहा, कोई समस्या नहीं है। हमने 13 मार्च को विश्वास मत हासिल किया था... जहां तक तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने का सवाल है तो भी हमारी सरकार के पास बहुमत है।

## महायुति सरकार को सबक सिखाएगा मराठा समुदायः आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जालना (महाराष्ट्र)/भाषा।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा है कि आरक्षण से इनकार करने और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने के लिए मराठा समुदाय महाराष्ट्र की 'महायुति' सरकार को लोकसभा चुनाव में सबक सिखाएगा।

शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर पिछले साल कई बार आमरण अनशन कर सुर्खियों में रहे जरांगे ने यह भी कहा कि समुदाय ने मौजूदा लोकसभा चुनाव में कोई राजनीतिक रुख नहीं अपनाया है, हालांकि सत्ता के खिलाफ आक्रोश बहुत ज्यादा है। जरांगे ने जालना जिले के अपने गांव अंतरवाली सरती में 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि समुदाय के गुस्से और एकता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर प्रचार करने के लिए मजबूर किया।

राज्य में शिवसेना-भाजपा-राकांपा की 'महायुति' सरकार को परोक्ष चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा, उन लोगों के खिलाफ मामले क्यों दर्ज किए गए, जिन्होंने शांतिपूर्वक 'रास्ता रोको' आंदोलन किया, जिन्होंने पिछले साल आरक्षण आंदोलन के दौरान भूख हड़ताल की, बैठकें या रैलियां कीं। यह गृह विभाग का दुरुपयोग था। समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। हम उन्हें सबक जरूर सिखाएंगे।



## आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी, तेदेपा, जनसेना भाजपा की 'बी' टीम : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कडप्पा (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और राज्य के अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा का मतलब बाबू (तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू), जगन और पवन (जनसेना के संस्थापक पवन कल्याण) हैं। कडप्पा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि तीनों नेताओं का 'रिमोट कंट्रोल' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास है।

पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे आंध्र प्रदेश में राजशेखर रेड्डी की पदयात्रा उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए प्रेरणा थी। गांधी ने तीनों दलों पर निशाना साधते हुए कहा, आज आंध्र प्रदेश को भारतीय जनता पार्टी की 'बी' टीम चला रही है। भाजपा की 'बी' टीम का मतलब है-बी से बाबू, जे से जगन और पी से पवन। इन तीनों लोगों का 'रिमोट कंट्रोल' नरेन्द्र मोदी के पास है। उन्होंने कहा कि ये नेता मोदी के नियंत्रण में हैं क्योंकि उनके पास ईडी, सीबीआई और अन्य एजेंसियां हैं। गांधी ने कहा कि राजशेखर रेड्डी उनके पिता राजीव गांधी के भाई की तरह थे और दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत संबंध भी थे। उन्होंने दावा किया कि 2024 के आम चुनावों के बाद जब भी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' केंद्र में सत्ता में आएगा, वह आंध्र प्रदेश को 10 वर्ष के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा देगा।

## आंध्र प्रदेश पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन से बरामद किए सात करोड़ रुपए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने शनिवार को पूर्वी गोदावरी जिले में एक टोल नाका के पास दुर्घटनाग्रस्त एक हल्के वाणिज्यिक वाहन से सात करोड़ रुपए नकद बरामद किए।

कोव्वुर उप-विभागीय पुलिस अधिकारी के सीएच रामा राव ने कहा कि नाल्लाजेर्ला मंडल में वीरावल्ली टोल नाका के पास एक ट्रक ने हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया और उससे रासायनिक चूने की बोरियों के नीचे छिपाई गई नकदी मिली। राव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, नकदी से लदा वाहन हैदराबाद के नचाराम से आया था और मंडपेटा की ओर जा रहा था। नकदी से भरे बक्शे रासायनिक चूने की बोरियों के बीच फंसे हुए थे। सात बक्से थे और प्रत्येक बक्से में एक करोड़ रुपए थे। वाहन का चालक के वीरभद्र राव का एक पैर फ्रैक्चर हो गया और उसकी एक आंख में चोट लगी, जिसके कारण उसे गिरफ्तार करने से पहले इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा।

पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता (आईपीसी) की धारा 338 के तहत दुर्घटना का मामला दर्ज किया और नकदी आयकर विभाग को सौंप दी है। इस बीच पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि नकदी कहां से आई थी और कहां ले जाई जा रही थी।

# फिर से प्रधानमंत्री चुने जाने पर मोदी विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डाल देंगे : केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अंतरिम जमानत पर रिहा होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि वह फिर से चुने जाने पर विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डाल देंगे तथा ''तानाशाही'' लागू करने के लिए ''एक राष्ट्र, एक नेता'' के मिशन पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी भाजपा के नेताओं को ''राजनीतिक रूप से खत्म'' कर देंगे।

केजरीवाल ने यहां आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी के 75 वर्ष के होने पर ''रिटायर'' होने के बाद अमित शाह उनके (मोदी) उत्तराधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि 'आप' केंद्र में अगली सरकार का हिस्सा होगी और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएगी। केजरीवाल ने कहा, जेल से छूटने के बाद पिछले 20 घंटों में मैंने चुनाव विशेषज्ञों और लोगों से बात की तो इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। अपने चुनाव अभियान को फिर से शुरू करने से पहले, केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल वापस जाना होगा। केजरीवाल ने कहा, ये लोग 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) गठबंधन से उनके चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र वालों को 'रिटायर' कर दिया जाएगा। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को रिटायर (सेवानिवृत्त) कर दिया।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि शोपियां के बाबा मोहल्ले के निवासी सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक को मलिक चक क्रॉसिंग पर बनायी गई एक चौकी से गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## चार जून के बाद बनने वाली केंद्र सरकार का हिस्सा होगी 'आप': मान

**नई दिल्ली/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद केंद्र में बनने वाली सरकार का हिस्सा होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 सीट नहीं जीत पाएगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर रिहा होने के एक दिन बाद 'आप' कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मान ने उन्हें तानाशाही को चुनौती देने वाला करार दिया। मान ने मुश्किल समय में पार्टी के साथ खड़ी रही दिल्ली की क्रांतिकारी जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जनता सुनना चाहती है कि केजरीवाल देश की राजनीति की दशा और दिशा पर क्या कहेंगे। मान ने संकट के समय में उनकी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहने के लिए दिल्ली के लोगों की सराहना की। आपका साथ हमें थकान महसूस नहीं होने देता।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने राजग सरकार पर दक्षिणी राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** राज्य में लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कथित तौर पर भाजपा द्वारा दक्षिणी राज्यों के साथ भेदभाव और पुलवामा घटना को रोकने में खुफिया विफलता का जिक्र किया।

रेड्डी ने आरोप लगाया कि भाजपा हर चीज में राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश करती है। उन्होंने सवाल किया कि राज्य के अच्छी तरह से विकसित होने के बावजूद बुलेट ट्रेन, साबरमती रिवरफ्रंट और 'गिफ्ट सिटी' जैसी परियोजनाएं गुजरात को क्यों दी गईं? उन्होंने शुक्रवार की देर रात यहां मीडिया के साथ चर्चा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में आरोप लगाया कि अगर बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे पिछड़े राज्यों को धन दिया जाता है तो इसे समझा जा सकता है, लेकिन केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने विकास परियोजनाओं के लिए मंजूरी देने में भी भेदभाव दिखाया है। उन्होंने कहा, आर्थिक, जनसंख्या के आधार पर (यदि धनराशि दी जाती है तो) मैं स्वीकार करूंगा। राजनीतिक प्रतिनिधित्व में आपने दक्षिण को राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति पद या महत्वपूर्ण विभाग क्यों नहीं दिए हैं? उन्होंने आरोप लगाया, क्या उन्हें कोई परेशानी है, जब हम सवाल पूछते हैं तो वे 'जय श्री राम' कहते हैं। हर चीज के लिए उनके पास एक ही जवाब होता है-जय श्री राम। उन्होंने कहा, मोदी के लिए सब कुछ राजनीति है, सब कुछ चुनाव जीतना है। इसलिए, मोदी की सोच देश के लिए सही नहीं है। इसलिए अब देश को भाजपा, मोदी के बिना रहने की जरूरत है।

# महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर 'लोकसभा चुनाव में धांधली' के प्रयास का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



श्रीनगर/भाषा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर उनकी पार्टी और समर्थकों को 'चुनिंदा तौर पर निशाना बनाकर और परेशान' करके 'लोकसभा चुनाव में धांधली के प्रयास का आरोप लगाया। स्थानीय पीडीपी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुफ्ती ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने पुलवामा में धारा 144 लगाकर शनिवार शाम 6:30 बजे से लोगों के इकट्ठा होने पर 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि पुलवामा श्रीनगर लोकसभा सीट का हिस्सा है और यहां सोमवार को मतदान होना है। उन्होंने कहा, 'आज शाम 6:30 बजे से पुलवामा जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि जहां चुनाव होने हों वहां पाबंदियां लगायी गई हों और वह भी चुनाव संपन्न होने तक। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि वे लोगों को 'परेशान' करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे मतदान करने के लिए बाहर न आएं। उन्होंने कहा, 'चुनाव में फर्जीवाड़ा करने की तैयारी की जा रही है। चुनाव परिणाम पहले ही तय किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को मतदान से पहले हिरासत में लिया गया। मुफ्ती ने कहा, 'ये बात सिर्फ पुलवामा तक ही सीमित नहीं है। कुछ दिन पहले सुरनकोट (जम्मू के पुंछ जिले में) में भी निशाना बनाया गया।



शनिवार को मैसूरु में स्वर्गीय वी श्रीनिवास प्रसाद के लिए स्मृति में आयोजित एक सभा में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा एवं अन्य पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# अलग अलग पार्टियों के बाद भी श्रीनिवास प्रसाद और मेरे में अच्छी दोस्ती थी : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने श्रीनिवासप्रसाद के साथ अपने जुड़ाव की यादें साझा करते हुए कहा कि अलग-अलग पार्टियों में रहने के बावजूद श्रीनिवास प्रसाद और मेरे बीच अच्छी दोस्ती और सौहार्द था और राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उनकी दोस्ती पर कभी असर नहीं पड़ा। वह शनिवार को म्युरूर में राजनेता श्रीनिवास प्रसाद के लिए एक श्रद्धांजलि और स्मारक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

जनता दल पार्टी से श्रीनिवास प्रसाद ने पहले लोकसभा और फिर विधानसभा चुनाव में हिस्सा लिया और जीत हासिल की। इसके बाद कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए मानवता से परिपूर्ण सज्जन श्रीनिवास प्रसाद और मैं अलग-अलग पार्टियों से थे, लेकिन हमारे बीच परस्पर मित्रता और सम्मान था।

अलग-अलग पार्टियों में कई नेताओं से उनकी दोस्ती और जुड़ाव था। चाहे वह किसी भी पार्टी से हों, डॉ. उन्होंने कहा कि वह अंबेडकर की विचारधारा के अनुयायी हैं।

उनके मन में संविधान के प्रति बहुत सम्मान था। वह जाति की परवाह किए बिना वंचितों को समान अवसर देने में विश्वास करते थे और संविधान के प्रति प्रतिबद्ध थे। जो लोग बुद्ध, बसवन्ना और गांधी की विचारधारा में विश्वास करते हैं वे हमेशा मानवता का सम्मान करेंगे। मनुष्य को मनुष्य का सम्मान करना चाहिए न कि मनुष्य से घृणा करनी चाहिए। हालाँकि राजनीतिक मतभेदों के कारण एक-दूसरे की आलोचना करना स्वाभाविक है, लेकिन हमारी दोस्ती पर कभी आंच नहीं आई है। हाल ही में श्रीनिवास प्रसाद के राजनीति से संन्यास लेने के बाद मैं अपने कुछ विधायक मित्रों के साथ उनसे मिला। उनसे आधे घंटे की मुलाकात में हमारी पुरानी दोस्ती फिर से जाग उठी। हमारे बीच कोई राजनीतिक बातचीत नहीं हुई. लेकिन श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि राजनीति में मेरे आत्मसम्मान पर असर पड़ा।

# विधान परिषद का चुनाव भाजपा और जद(एस) मिलकर लड़ेंगे : येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येडीयुरप्पा ने शनिवार को कहा कि आगामी विधान परिषद का चुनाव उनकी पार्टी और जनता दल (सेक्युलर) मिलकर लड़ेंगे। विधान परिषद का चुनाव तीन जून को होना है।

उन्होंने कहा कि कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने को लेकर हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ दर्ज मामले से भाजपा-जद(एस) गठबंधन पर असर नहीं पड़ेगा। प्रज्ज्वल (33) हासन लोकसभा सीट से फिर से राजग उम्मीदवार हैं जहां मतदान 26 अप्रैल को हुआ था। कई वीडियो में उन्हें कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करते हुए दिखाया गया है। इन वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद से प्रज्ज्वल फरार हैं।



येडीयुरप्पा ने कहा, जद(एस) के साथ हमारा (भाजपा) गठबंधन प्रभावित नहीं होगा। उसका (प्रज्ज्वल मामले का) गठबंधन से कोई संबंध नहीं है। मुझे विश्वास है कि गठबंधन जारी रहेगा। तीन स्नातक और तीन शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए तीन जून को होने वाले विधान परिषद चुनाव के बारे में येडीयुरप्पा ने कहा कि भाजपा और जद (एस) इसे मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा, हमारे बीच चर्चा हुई कि वे (जद(एस)) दो सीट पर और भाजपा चार सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करेंगे।

प्रज्ज्वल मुद्दे पर येडीयुरप्पा ने कहा कि भाजपा अपनी उस मांग पर कायम है कि यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जाना चाहिए। इस मामले की जांच फिलहाल कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा गठित एक विशेष जांच दल द्वारा की जा रही है।

# 'झूठ के मास्टर' प्रधानमंत्री मोदी लोगों का भावनात्मक शोषण करते हैं : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'झूठ का मास्टर' करार देते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि लोगों को एहसास हो गया है कि मोदी झूठ बोलते हैं और उनका भावनात्मक शोषण करते हैं। प्रधानमंत्री के इस बयान पर कि, विपक्ष उन्हें दफनाना चाहता है, सिद्दरामैया ने कहा कि कोई भी उनका कब्रिस्तान नहीं बनाना चाहता है, बल्कि विपक्ष राजनीतिक रूप से उनका विरोध कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, वह (मोदी) पिछले 10 साल से प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। इसके अलावा ये आरोप हैं कि वह 'झूठ के मास्टर' हैं, क्योंकि उन्होंने जो वादे किए थे उनमें से कोई भी पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को हराने के अलावा कोई भी उनका कब्रिस्तान नहीं बनाना चाहता।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार में कहा था कि विपक्ष के कुछ लोग उन्हें जिंदा दफनाना चाहते हैं और दावा किया कि देश के लोग उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचने देंगे, क्योंकि वे उनकी सुरक्षा ढ़ाल की तरह हैं। सिद्दरामैया ने कहा कि विपक्ष हमेशा उन्हें (मोदी) राजनीतिक तौर पर हराना चाहेगा, क्योंकि उनके प्रधानमंत्री रहते न देश का विकास हुआ और न ही गरीबों की हालत में सुधार हुआ।

उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री हताश हैं। उन्हें हार का डर सता रहा है। डर और हताशा में वह अनाप-शनाप बोल रहे हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, लोग समझ गए हैं कि वह (मोदी) उनसे झूठ बोल रहे हैं और भावनात्मक तरीके से बात कर रहे हैं। लोग जानते हैं कि वह उनका भावनात्मक शोषण करने की कोशिश कर रहे हैं। यह जानने के बाद लोग (उन्हें) वोट नहीं देंगे।

## प्रचार





शनिवार को आंध्र प्रदेश के कडप्पा में आयोजित चुनाव प्रचार सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, एपीसीसी अध्यक्ष शर्मिला ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शर्मिला के पिता स्वर्गीय राजशेखर रेड्डी मंच पर लहराता हुआ कटआउट लेकर आए।

## बरसात



शनिवार को मातृ दिवस के पूर्व बेंगलूरु के पट्टनगेरे में बारिश के पानी से पार करते हुए स्कूटर पर मां और बेटी।



# बरसात के मौसम में सक्रिय हैं बीबीएमपी की वृक्षों की कटाई करने वाली टीमें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बृहद् बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) क्षेत्र में मानसून के दौरान गिरे हुए पेड़ों, टहनियों/शाखाओं को हटाने के लिए पेड़ काटने वाली टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और गिरे हुए पेड़ों को समय सीमा के भीतर साफ किया जा रहा है।

शहर में बारिश का मौसम शुरू हो गया है और जब बारिश होती है तो पेड़-पौधों की शाखाएं/टहनियां भीगने लगती हैं। इससे नागरिकों और वाहन चालकों को काफी परेशानी होगी। इस संबंध में निगम के वन विभाग ने पेड़ काटने वाली टीमें तैनात कर दी हैं।

जैसे ही निगम के नियंत्रण कक्ष में पेड़, पेड़ की शाखाएँ/टहनियाँ गिरने की शिकायतें प्राप्त होंगी, उन शिकायतों की सूचना संबंधित क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी। उसके बाद, अधिकारी उस स्थान पर पेड़ काटने वाली टीमें भेजेंगे जहां पेड़, टहनियाँ/शाखाएँ गिरी हैं और नागरिकों/वाहनों के आवागमन को सुचारू बनाने के लिए गिरे हुए पेड़ों को काट देंगे।

निगम के अंतर्गत 28 विधानसभा क्षेत्र हैं और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 28 पेड़ काटने वाली टीमें काम कर रही हैं। इसके अलावा, पेड़ों को तत्काल हटाने के लिए 11 अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। प्रत्येक टीम में सात कार्यकर्ता और एक पर्यवेक्षक शामिल हैं।

पेड़ों को साफ करने के लिए आरी, लोपर्स, लांस, रस्सियों सहित अन्य आवश्यक उपकरण होंगे। इसके अलावा, काटी गई लकड़ी के परिवहन के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है।

बरसात के मौसम में गिरे पेड़ों को हटाने के लिए इस बार अभिनव तरीके से 5 बाइक टीमें तैनात की गई हैं। तदनुसार, बाइक टीमें उन स्थानों पर शाखा काटने वाली मशीन ले जाएंगी जहां सड़क पर पेड़ गिरे हुए हैं या जिन्हें तत्काल हटाने की आवश्यकता है और पेड़ को काटने और साफ करने के लिए उस स्थान पर जाएंगे। बरसात के मौसम में बड़े-बड़े पेड़ों को हटाने के लिए निगम के वन विभाग ने 2 क्रेन और 2 जेसीबी तैनात की हैं, साथ ही इसके परिवहन के लिए 8 ट्रैक्टरों को लगाया गया है।

गिरे हुए पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ियों, टहनियों और शाखाओं के निपटान के लिए, प्रत्येक जोन में 8 डंपिंग यार्ड हैं, प्रत्येक जोन के लिए एक और इसके अतिरिक्त 6 अस्थायी डंपिंग यार्ड की पहचान की गई है। इन स्थानों पर लकड़ियाँ/टहनियाँ/भुट्टों का निपटान किया जाता है। शहर में बारिश शुरू हो चुकी है और गत 6 मई से 10 मई तक 271 पेड़ और 483 टहनियाँ/शाखाएँ उखड़ गई हैं। पेड़ काटने वाली टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और जैसे ही नागरिकों से शिकायत मिलती है, वे उस स्थान पर जाते हैं और सफाई अभियान चलाते हैं।

# सरकार को रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने से कौन रोक रहा है : जयराम रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को सरकार से पूछा कि यौन शोषण के आरोपी जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने से उसे कौन रोक रहा है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो और तस्वीरें वायरल होने के बाद कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन आरोपों की जांच का आदेश देने के लिए पत्र लिखा था।



इसके तुरंत बाद हासन से 33 वर्षीय सांसद ने कथित तौर पर जर्मनी के लिए उड़ान भरी।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में, रमेश ने सवाल उठाया कि प्रज्ज्वल को भागने की अनुमति कैसे दी गई। कांग्रेस नेता ने पूछा, प्रधानमंत्री को प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने से कौन रोक रहा है? उन्हें विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी की तरह देश से भागने की अनुमति कैसे और क्यों दी गई? जद(एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर कथित तौर पर विभिन्न महिलाओं के साथ उनके कई वीडियो सामने आने के बाद यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

वह हासन लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं। हासन में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। जद (एस) ने 2023 में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को प्रज्ज्वल के खिलाफ बलात्कार का एक और मामला दर्ज किया गया, जिससे कई महिलाओं के कथित यौन शोषण से संबंधित मामलों की संख्या तीन हो गई।

विशेष जांच दल (एसआईटी) के सूत्रों के अनुसार, प्रज्ज्वल के खिलाफ बेंगलूरु में आठ मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हासन के सांसद द्वारा कथित तौर पर कई महिलाओं के साथ यौन शोषण करते हुए दिखाए गए स्पष्ट वीडियो के बड़े पैमाने पर सार्वजनिक होने के बाद जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था।

## एसएम कृष्णा आईसीयू में भर्ती

बेंगलूरु। पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम. कृष्णा (92) को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में स्थानांतरित किया गया है और एक देखभाल टीम द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। एक निजी अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी। वयोवृद्ध नेता को 29 अप्रैल को बेंगलूरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल ने एक बयान में कहा कि कृष्णा का आईसीयू में उपचार जारी है। बयान में कहा गया कि उनका इलाज डॉ. सत्यनारायण मैसूर और डॉ. सुनील कारंत के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ देखभाल टीम द्वारा किया जा रहा है। कृष्णा महाराष्ट्र के राज्यपाल और कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# एसआईएईसी बेंगलूरु में एयर इंडिया के लिए रखरखाव सुविधाएं विकसित करेगी

बेंगलूरु/नई दिल्ली। एयर इंडिया ने बेंगलूरु में रखरखाव सुविधाएं विकसित करने के लिए एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एसआईएईसी) को रणनीतिक भागीदार बनाया है। वर्ष 2026 तक तैयार होने वाली इन सुविधाओं में चौड़े और संकरे आकार वाले विमानों की मरम्मत की जा सकेगी। इससे एयर इंडिया समूह के विमान बेड़े के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। एयरलाइन ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा, ''साझेदारी के तहत एयर इंडिया बेंगलूरु में एयर इंडिया की रखरखाव सुविधाओं की योजना, निर्माण, विकास और संचालन के लिए एसआईएईसी के साथ काम करेगी।''

# इंडिगो एक जून से बेंगलूरु-देवघर के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/कोलकाता। किफायती एयरलाइन इंडिगो ने एक जून से झारखंड के देवघर और बेंगलूरु के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सीधी उड़ानें सप्ताह में तीन बार मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को संचालित होंगी।

एयरलाइन ने बताया कि उड़ान संख्या '6ई 6435' बेंगलूरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी की उड़ान '6ई 6437' दोपहर 12.55 बजे देवघर से रवाना होगी और 3.25 बजे बेंगलूरु में उतरेगी।

इंडिगो ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नया मार्ग भारत के दक्षिणी हिस्से से झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक संपर्क बढ़ाएगा।

बयान में इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, ''हमें बेंगलूरु और देवघर के बीच सीधी उड़ान की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।''

उन्होंने कहा कि इससे न केवल ग्राहकों को झारखंड के पवित्र शहर तक पहुंच मिलेगी, बल्कि छात्रों और रोजगार चाहने वालों को भी सुविधा होगी। देवघर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का शहर है और यहां प्रसिद्ध बैद्यनाथ मंदिर है, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक है।

## स्वाद



शनिवार को मैसूरु से बेंगलूरु लौटते समय मद्दुर में मद्दुर वड़ा के स्वाद का आनंद लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया।



# मौसम ने बरसाया कहर, मकान पर गिरी आकाशीय बिजली, हादसे में तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बूंदी। राजस्थान के बूंदी में मौसम ने कहर बरसाया है। मकान की छत पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को बूंदी जिला अस्पताल रैफर किया गया है। हिंडोली के दबलाना थाना क्षेत्र के धाभाइयों का नयागांव में बीती रात मकान की छत पर गिरी बिजली गिरने से घर में सो रहे एक ही परिवार के महिला–पुरुष समेत 4 वर्षीय मासूम लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

सूचना पर नायाब तहसीलदार भूपेंद्रसिंह हाडा मौके पर पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल महिला को बूंदी अस्पताल रैफर कर दिया। दबलाना थाने के एएसआई कमलेश गुर्जर ने बताया कि मौसम का मिजाज बिगड़ने पर सभी सदस्य घर के अंदर सो रहे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से मकान की छत टूट गई और पट्टियों के नीचे दबने से मां कर्माबाई, बेटी दिव्या सहित दामाद बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य छत पर ही टिन शेट के नीचे सो रहे थे, जो घायल हो गए। घटना में गंभीर घायल हीराबाई को बूंदी अस्पताल रैफर किया गया है। तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

## राजस्थान के अनेक हिस्सों में आंधी, बारिश

एक नए विक्षोभ के असर से राजस्थान के अनेक इलाकों में तेज आंधी व बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य में आंधी व बारिश का दौर अभी कुछ दिन जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम केंद्र के अनुसार विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ भागों में तेज आंधी–बारिश हुई। राज्य में सर्वाधिक बारिश गोगुंदा, उदयपुर में 75 मिमी दर्ज की गई है। इसके अलावा अजमेर के भिनाय में 34 मिमी., झुंझुनू के बुहाना व प्रतापगढ़ के छोटी सादड़ी में 18 मिमी. व बीकानेर के पूगल में 15 मिमी. बारिश हुई।

बीकानेर, दौसा, अलवर, टोंक, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, गंगानगर, हनुमानगढ़ व चुरू तथा सीकर सहित अनेक जिलों में बारिश हुई। मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को भी बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा व जोधपुर संभाग के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद तीव्र मेघगर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं तेज आंधी आ सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार 12–14 मई तक आंधी बारिश की संभावना है जिससे अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ सकता है।

# कांग्रेस पित्रोदा और अय्यर जैसे लोगों को अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए लेती है काम : तिवाड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कांग्रेस सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर जैसे लोगों को अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए काम में लेती हैं वहीं गहलोत घर के झगड़े का गुस्सा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं।**

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा हैं कांग्रेस सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर जैसे लोगों को अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए काम में लेती हैं वहीं गहलोत घर के झगड़े का गुस्सा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं।

तिवाड़ी शनिवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए खास रणनीति के तहत अय्यर और पित्रोदा जैसे लोगों को अपना प्रमुख प्रवक्ता बनाया। ये प्रवक्ता भारत को तोड़ने और कमजोर करने वाले बयान देते हैं वहीं दूसरी और पाकिस्तान को मजबूत राष्ट्र बताकर भारत को ही धमकाने का काम करते हैं। इन प्रवक्ताओं का मकसद विभाजनकारी ताकतों को प्रोत्साहित करके वोट बंटोरना है।

उन्होंने कहा कि इन नेताओं की मदद से कांग्रेस पाकिस्तान को मजबूत बताकर देश में अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करती है। ये सब एक दिन में अचानक नहीं होता बल्कि ये एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जाता है। इसके बाद जैसे ही इन बयानों पर देश में विरोध होता है तो कांग्रेस खुद को इन बयानों से दूर रखकर किनारा कर लेती है। इन दोनों नेताओं का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी की वास्तविकता का प्रदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा कि गहलोत ने आरएसएस को लेकर जो व्यक्तव्य दिया वह उनकी हताशा और खुन्नस से ज्यादा कुछ भी नहीं है। आरएसएस देश में लोकमत परिष्कार का काम कर रही है और निःस्वार्थ भाव से किया गया यह काम अपने आप में बड़ा काम है। तिवाड़ी ने कहा कि गहलोत की यह खीज और हताशा साफ दर्शाती है कि उनका बेटा वैभव गहलोत चुनाव हार रहा है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने गहलोत को सम्मान नहीं दिया। जब वह रायबरेली कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नामांकन में जा रहे थे तो कांग्रेस ने उन्हें वापस बुलाकर अमेठी भेज दिया। खुद के घर के झगड़े का गुस्सा भाजपा और आरएसएस के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी केवल एक व्यक्ति की गारंटी नहीं है बल्कि भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता की गारंटी है। आज बूथ मैनेजमेंट के मामले में भाजपा को कोई सानी नहीं है। कांग्रेस पार्टी के लोगों ने पहले राउंड में अपनी पराजय पहले ही मान ली थी, इसलिए कांग्रेस पार्टी के लोग मतदान करने नहीं आए। कांग्रेस के पोलिंग बूथ खाली रहे, और भाजपा के प्रत्येक बूथ पर पूरा मतदान हुआ। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम आने पर तस्वीर साफ होगी और यह स्पष्ट है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी वहीं कांग्रेस पार्टी को लोकसभा में मान्यता प्राप्त विपक्षी दल जितनी सीटें भी नहीं मिलेंगी।

## बस की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के मालाखेडा थाना अंतर्गत जाडोली गांव के पास बस की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। रामचरण पत्नी मंजू के साथ अपने दोस्त के घर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर को गांव हाजीपुर से बाइक से मोरेडा लौट रहे थे। रास्ते में जाडोली गांव के पास कल रात बस ने उन्हें टक्कर मार दी। रामचरण की तो मौके पर ही मौत हो गयी जबकि मंजू की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

इधर, राहगीरों द्वारा परिजनों को घटना की सूचना दी गयी, जिस पर दोनों को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गयाख जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे।

# फर्जी एनओसी के जरिये ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में फोर्टिस अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ गिरफ्तार, दलालों से पूछताछ में मिले सबूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में पुलिस ने फोर्टिस अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ को गिरफ्तार किया है। दलालों से पूछताछ करने पर कई अन्य सबूत मिले हैं। गिरफ्तार नर्सिंग स्टाफ सर्जरी के बाद मरीज की देखभाल का काम किया करता था। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के मुताबिक फोर्टिस का गिरफ्तार नर्सिंग स्टाफ आरोपी भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप बारां के हरनावदा का रहने वाला है। अब पुलिस भानू और दलालों के सीधे संपर्क में रहने वाले डॉक्टर्स की भूमिका पता लगाने में जुटी है। इसके अलावा इस मामले में फरार चल रहे मैड सफर के अन्य डायरेक्टर राज कमल व दलाल मोहम्मद मुर्तजा अंसारी को पकड़ने के लिए जयपुर पुलिस पश्चिम बंगाल के अलग–अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

आरोपी भानू से पूर्व में एसीबी भी पूछताछ कर चुकी है। जब एसीबी ने आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया था, उसने अस्पताल आना ही बंद कर दिया। ऐसा उसने फोर्टिस प्रबंधन के कहने पर किया था। तब से वह गांव में ही रहा था। एसीबी ने फर्जी एनओसी के लिए रिश्वत लेते हुए सवाई मानसिंह अस्पताल के एएओ गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन को–ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) गौरव सिंह, फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन को–ऑर्डिनेटर विनोद सिंह, अंग प्रत्यारोपण के मामले में एमओयू की गई कंपनी मैड सफर के डायरेक्टर सुमन जाना और दलाल सुखमय नंदी से पूछताछ से की गई पूछताछ में भानू की भूमिका संदिग्ध मिली। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रोजाना दलालों के संपर्क में रहकर उन्हें अवैध कामकाज में मदद करता था।

# लगता है 'इंडिया' गठबंधन जीतेगा, केवल मोदी के नाम पर लड़ना भाजपा की बड़ी गलती : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा कि देश में चुनावी माहौल से लगता है कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' जीतेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ना भारतीय जनता पार्टी को भारी पड़ेगा। यहां मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' जीतने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अमित शाह जी खूब हौसला अफजाई करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके सभी प्रयास विफल हो रहे हैं क्योंकि उन पार्टी कार्यकर्ताओं के दिलों में तकलीफ है कि लोकतंत्र खत्म हो रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने यह भी कहा कि भाजपा ने अपने प्रचार अभियान को मोदी व मोदी की गारंटी पर ही केंद्रित रखा जो उसके लिए भारी पड़ेगा। उन्होंने कहा, लगता है कि अमित शाह व मोदी जी ने गलती कर दी। यह बहुत भारी गलती है। गलती यह है कि चुनाव से एक–दो महीना पहले तय करना कि चुनाव सिर्फ मोदी के नाम पर लड़ा जाएगा... अगली बार मोदी सरकार... मोदी की गारंटी...। गहलोत ने कहा कि पूरे देश में होर्डिंग पर भाजपा के किसी उम्मीदवार का नाम या फोटो नहीं है, भाजपा का नाम नहीं है, वहां पर केवल मोदी की गारंटी है। यही बात हार का सबसे बड़ा कारण बनेगी। इसके साथ ही गहलोत ने उच्चतम न्यायालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दिए जाने का स्वागत किया। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, अरविंद केजरीवाल को जमानत देने का उच्चतम न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किए गए संजय राउत, संजय सिंह समेत तमाम राजनीतिक लोगों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिल सके और उनका काफी समय जेल में व्यर्थ हुआ। चुनाव के दौरान शीर्ष अदालत का फैसला चुनाव में समान अवसर प्रदान करने वाला है। गहलोत ने लिखा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी उच्चतम न्यायालय में अपना पक्ष रखना चाहिए।



# सिरफिरे युवक ने अस्पताल के सामने 5 लोगों पर किए चाकू से ताबड़तोड़ वार, एक व्यक्ति की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शाहपुरा के उपजिला अस्पताल के सामने एक युवक ने ताबड़तोड़ 5 लोगों पर चाकू घोंपकर हमला कर दिया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात से गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। चाकू से हमला करने वाले युवक की लोगों ने पकड़कर पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। चाकू के हमले से मुनान खान शाहपुरा नगरपालिका वार्ड 13, नजुमुद्दीन कुरैशी, शाहरूख खान वार्ड नं 24, सुनिल असवाल वार्ड 14 और मोहन लाल जाट सिंह छापुडा खुर्द घायल हो गए।

इन 5 लोगों में से मोहन को गंभीर हालत में निम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मोहन पिता के उपचार के लिए अस्पताल में दिखाने आया था। इस दौरान मनोज सैनी ने चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिए। जानकारी के अनुसार घटना देर रात शाहपुरा उपजिला अस्पताल के नजदीक की है।

पुलिस ने बताया कि चाकू से हमला करने वाला आरोपी मनोज सैनी नशा करने का आदी है और इसे 9 मई को थड़ी पर हमला करने के मामले में उसे शांति भंग में गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन जमानत हुई थी और उसने रात को हमला कर दिया।

गुस्साए लोगों ने सुबह अजीतगढ़ रोड को जाम कर दिया, जिसे पुलिस ने समझाइश के बाद खुलवाया। वहीं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनोहरपुर अमृतसर पुलिस थाने का अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया। परिजन मुआवजे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शाहपुरा सीएचसी के सामने ही धरने पर बैठ गए और मुआवजे की मांग की।

## राजस्थान में बंद नहीं होगी रीट परीक्षा : दिलावर

जयपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रीट परीक्षा को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है। दिलावर ने कहा– ऐसी सारी खबरें गलत और भ्रामक है। परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी बनाने की बात कहीं थी। बता दें इससे पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा था कि जो प्लान है, उसके अनुसार युवाओं के 5 साल बेकार ना हों। पहले उन्हें बीएड के लिए प्रतियोगिता परीक्षा देनी होती है। उसके बाद बीएड और फिर रीट और मुख्य परीक्षा देनी होती है, तब जाकर नौकरी लगती है। जितने लोग बीएड करते हैं सभी को नौकरी मिल भी नहीं पाती। अधिकतर को तो करियर के दूसरे क्षेत्र में भाग्य आजमाने का भी मौका नहीं मिल पाता।

ऐसे में युवाओं का समय बर्बाद ना हो और एक कंपटीशन एग्जाम देने के बाद ही ये तय हो जाए कि उन्हें नौकरी मिलेगी या नहीं। उन्होंने बताया कि यदि बीएड किए बिना अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेगा तो परीक्षा में सफल होने पर उसे बीएड करने के लिए समय दिया जाएगा और यदि बीएड किया हुआ अभ्यर्थी परीक्षा में सफल होता है तो उसे सीधे नौकरी दी जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएड से पहले एक कंपटीशन एग्जाम होगा। इस कंपटीशन एग्जाम की मेरिट ग्रेड और विषय वार बनाई जाएगी। बता दें सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने का ख्वाब देख रहे प्रदेश के युवाओं को 2 वर्षीय बीएड, 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड और बीएससी बीएड कोर्सेज में दाखिले के लिए पहले पीटीईटी का एग्जाम देना होता है। उसके बाद बीएड कोर्स, फिर रीट एग्जाम और आखिर में मुख्य परीक्षा से गुजर कर स्कूल में शिक्षक बनने का सपना पूरा होता है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के कई साल गुजर जाते है और सफल होने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत में महज 10 फीसदी ही है।

## लड़की से मिलने पहुंचे नीट की तैयारी कर रहे छात्र की हत्या, तीन गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के नागौर जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय छात्र की उस लड़की के परिवार वालों ने पीट–पीटकर हत्या कर दी, जिससे मिलने के लिए वह उसके गांव पहुंचा था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा कि दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छात्र बुधवार को कोटा से मेड़ता सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में लड़की (15) से मिलने पहुंचा, लेकिन लड़की के परिवार के लोगों ने उन्हें एक खेत में पकड़ लिया। पुलिस उपाधीक्षक पिंटू कुमार ने कहा, उन्होंने उससे मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उन्होंने उसे अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने कहा कि बिहार का रहने वाला लड़का कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था और कुछ समय पहले वह फेसबुक के जरिए लड़की के संपर्क में आया था। छात्र मंगलवार को कोटा से नागौर पहुंचा और रात वहीं बिताई। अगली सुबह वह लड़की से मिलने मेड़ता सिटी चला गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



# छेड़छाड़ का उलाहना देने आए पति और ननद से पार्षद ने की मारपीट, महिला का अंगूठा चबाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। अलवर नगर निगम के वार्ड नंबर 22 की पार्षद सोमवती देवी ने बेटे द्वारा छेड़छाड़ किए जाने पर उलाहना देने आए महिला के पति व उसकी बहन के साथ मारपीट की। लड़ाई के दौरान पार्षद की बेटी ने महिला का अंगूठा चबा डाला।

मामले की जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला लक्ष्मी परचूनी की दुकान से सामान लेने गई थी, इसी दौरान पार्षद का बेटा लाला शराब के नशे में उससे छेड़छाड़ करने लगा, जिसे लेकर उसने विरोध जताया तो वह लक्ष्मी से झगड़ने लगा। घर आकर उसने अपने परिजनों को आपबीती बताई, जिस पर लक्ष्मी का पति व ननद शीला पार्षद के बेटे की शिकायत लेकर उसके पास गए तो पार्षद सोमवती व उसके पति रामअवतार, बेटा मोनू, लाला व बेटी उन पर उल्टे टूट पड़े और इसी दौरान पार्षद की बेटी ने लक्ष्मी की ननद शीला का अंगूठा चबा लिया।

## व्यक्ति को दाढ़ी के बाल नोचने के लिए मजबूर करने पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

जयपुर। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति को अपनी दाढ़ी के बाल नोचने के लिए मजबूर करने पर तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले से जुड़ा एक वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ, जिसमें सुरेश गुर्जर नाम का व्यक्ति अपनी दाढ़ी के बाल नोचता नजर आ रहा है। ऐसा आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसे ऐसा करने को मजबूर किया हालांकि, वीडियो में कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद मांडल के विधायक उदय लाल भडाणा ने पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत से मुलाकात की और कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए प्रताप नगर थाने के प्रभारी सुगन सिंह, एएसआई महेंद्र खोजी और कांस्टेबल बनवारी लाल को निलंबित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान परेशान करने पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

# नए आपराधिक कानून पीड़ित और न्याय केन्द्रित हैं : मालिनी अग्रवाल

जयपुर। देश में चल रहे 150 साल पुराने आपराधिक कानून के स्थान पर अब एक जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। ये कानून पीड़ित और न्याय केन्द्रित बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव के साथ आए हैं। यह विचार गृह मंत्रालय और पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकारों के लिए आयोजित कार्यशाला वार्तालाप में एडीजी ट्रेनिंग मालिनी अग्रवाल ने रखे।

उन्होंने कहा कि आज सायबर अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है। इन नए कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। भारतीय आत्मा वाले इन तीन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद की ओर से बनाए गए कानूनों से चलेगी। नए कानूनों के साथ आने वाले समय में फारेंसिक लैब की सुविधा को जिला स्तर पर भी स्थापित किया जाएगा।भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के सीडीटीआई से जुड़े समन्वयक सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगमोहन शर्मा ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून तारीख–पे–तारीख के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि 35 धाराओं में समयसीमा निर्धारित की गई है।



## भाजपा के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई है ओडिशा की जनता : प्रधानमंत्री मोदी

**भुवनेश्वर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ओडिशा के लोगों का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गहरा भावनात्मक संबंध है और जनता ने राज्य में 'कमल' खिलाने का मन बना लिया है। मोदी ने यह भी कहा कि राज्य की जनता बीजू जनता दल (बीजद) सरकार से कटा हुआ महसूस करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां रोड शो के दौरान एक निजी समाचार चैनल से कहा, भाषाई मतभेदों के बावजूद ओडिशा के लोगों और भाजपा के बीच गहरा भावनात्मक संबंध विकसित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लोगों में इतना उत्साह और जुनून पहले कभी नहीं देखा। मोदी ने कहा, राजाओं और महाराजाओं के दौर में भी शासकों और आम आदमी के बीच कुछ जुड़ाव हुआ करता था लेकिन अब ओडिशा में इसकी भारी कमी है।

# विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कानपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में एक बार फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा।

योगी ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, बल्कि अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले



आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था। मुख्यमंत्री शनिवार को यहां छावनी विधानसभा क्षेत्र में कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कानपुर से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के लिए जनता से वोट की अपील की।

उन्होंने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है, ये क्रांति धरा होने के साथ ही देश के विकास की ऊर्जा की भूमि भी है। चौथे चरण में कानपुर की जनता को निर्णय करना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है 'फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार'। 400 पार में कानपुर और अकबरपुर की सीटें भी शामिल होंगी।

उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में मोदी जी ने बिना रुके, बिना थके और बिना डिगे देश की अहर्निश सेवा की है और हर व्यक्ति इस बात को मानता है कि मोदी जी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है, हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, विकास को गति दी है, गरीब कल्याण के साथ ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों की चिंता होती है।



## भाजपा प्रमुख नड्डा तिरुपति में रोड शो में शामिल हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा शनिवार को यहां आयोजित एक रोड शो में शामिल हुए। उनके साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) महासचिव नारा लोकेश और जनसेना के नेता के. नागा बाबू भी मौजूद थे।

इस मौके पर नड्डा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है और आम आदमी, दलित, युवा और किसान समेत अन्य लोग सशक्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश की 1.50 लाख पंचायतों को 'ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क' से जोड़ा जा रहा है जबकि दो लाख गांवों को सामान्य सेवा केंद्रों से जोड़ा गया।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ घर बनाए गए और यदि भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो तीन करोड़ घर और बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार आगामी चुनावों में भारी बहुमत से जीतेंगे।

राजग सहयोगियों के बीच सीट-बंटवारे के समझौते के तहत, तेदेपा को 144 विधानसभा और 17 लोकसभा सीट आवंटित की गई जबकि भाजपा छह लोकसभा और 10 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। जनसेना दो लोकसभा और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी।

## चुनाव संविधान और समाजवादी मूल्यों का एक नया 'राष्ट्रीय आंदोलन' है : अखिलेश



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिए संदेश में कहा कि यह चुनाव संविधान, समाजवादी मूल्यों, आरक्षण एवं मान-सम्मान-स्वाभिमान का एक नया 'राष्ट्रीय आंदोलन' है। सपा प्रमुख ने 'एक्स' पर लिखे एक संदेश में कहा, 'यह चुनाव संविधान, समाजवादी मूल्यों, आरक्षण एवं मान-सम्मान-स्वाभिमान का एक नया 'राष्ट्रीय आंदोलन' है। देश और समाज आपको पुकार रहा है। उठिए, देश के भाग्य और भविष्य को बदलने के आंदोलन का हिस्सा बनिये। उन्होंने कहा कि साथ ही मतदान से लेकर परिणाम तक; बूथ से लेकर स्ट्रांग रूम तक; गिनती से लेकर जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक अपलक सतर्क, सचेत और चौकन्ने रहकर अपने वोट की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि सत्ताधारियों के किसी भी तरह के डर और दबाव मे न आएं, दमनकारी लोगों का नाम-फ़ोटो लेकर चुनाव आयोग में शिकायत के लिए सीधे भेजें या आसपास के समाजवादी सिपाहियों से संपर्क करें। साथ ही हमारी ये अपील और आह्वान याद रखें : 'मतदान भी, सावधान भी'।

अखिलेश ने अपने संदेश में कहा, 'प्रिय समाजवादियों, 2024 का लोकसभा चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है, जो संविधान और समाजवादी मूल्यों की रक्षा-संरक्षा का चुनाव है। इसीलिए इस चुनाव में आपसे अतिरिक्त सक्रिय सहयोग की अपेक्षा और आग्रह है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन' की जीत समाजवादी सिद्धांतों के लिए अब तक किए गए आपके संघर्षों की जीत होगी और अंबेडकर जी, लोहिया जी, जनेश्वर मिश्र जी, तथा नेता जी (मुलायम सिंह यादव) जैसे सामाजिक न्याय के लिए जीवन न्योछावर कर देनेवाले अन्य संविधान-सेनानियों के प्रति आपकी सच्ची श्रद्धांजलि भी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन चरणों में आपने 'इंडिया गठबंधन' को जितानेवाला मतदान कर के और करवा के, एक बड़ी जीत की नींव रख दी है, उसी मजबूत नींव पर आगामी चरणों में 'इंडिया गठबंधन' की सरकार की इमारत बुलंद होने जा रही है।

## भाजपा का राहुल पर निशाना: कहा- जो व्यक्ति अमेठी से चुनाव नहीं लड़ पाया, वह सरकार बनाने की बात कर रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बहस की चुनौती को तवज्जो नहीं देते हुए शनिवार को कहा कि वह ना तो अपनी पार्टी के अध्यक्ष हैं और ना ही विपक्ष के नेता। भाजपा ने साथ ही मुद्दों पर राहुल गांधी के रुख और ज्ञान पर भी सवाल उठाया।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी पर उनके इस दावे को लेकर कटाक्ष भी किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' लोकसभा चुनाव जीतेगा। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अमेठी से अपना नामांकन दाखिल नहीं कर सका, वह केंद्र में सरकार बनाने की बात कर रहा है। गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में स्मृति ईरानी से हार गए थे। कांग्रेस ने इस बार गांधी को रायबरेली से मैदान में उतारा है और उनका मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से है। कांग्रेस ने अमेठी में इस बार गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा को ईरानी के खिलाफ मैदान में उतारा है। त्रिवेदी ने सवाल किया कि गांधी किस हैसियत से मोदी से बहस करना चाह रहे हैं, क्योंकि वह अपनी पार्टी (कांग्रेस) के महज एक सांसद हैं। कांग्रेस पर तंज कसते हुए त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस में एक सांसद यात्रा का नेतृत्व करता है, जबकि संसद के दोनों सदनों में उसके नेता उसके पीछे खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस के अध्यक्ष हैं, लेकिन पोस्टर गांधी के दिखाई दे रहे हैं।

## केजरीवाल, सिसोदिया, जैन जैसे लोगों का भाजपा में कभी स्वागत नहीं होगा : ठाकुर



**हमीरपुर/भाषा।** भाजपा में हाल ही में विपक्षी नेताओं को शामिल किए जाने के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पार्टी प्रतिद्वंद्वियों को लगातार आकर्षित कर रही है, लेकिन वह भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को कभी स्वीकार नहीं करेगी। शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर जेल से रिहा किए जाने के कुछ घंटों बाद, ठाकुर ने शुक्रवार देर रात 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को उनके खिलाफ आरोपों से बरी नहीं किया गया है और उन्हें एक जून के बाद मुकदमे का सामना करने के लिए जेल लौटना होगा।

उन्होंने केजरीवाल पर आबकारी नीति मामले में गंभीर आरोपों में मुकदमा लंबित होने और जेल जाने के बावजूद अपने पद से इस्तीफा नहीं देकर संविधान को कुचलने का भी आरोप लगाया। ठाकुर ने कहा कि देश के लोगों ने उनके कथित भ्रष्टाचार को देखा है और अब उनका समर्थन नहीं करेंगे, क्योंकि वह अब उनके सामने बेनकाब हो गए हैं। केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिल गई और वह शुक्रवार शाम को तिहाड़ जेल से बाहर आए और रिहाई के बाद चुनाव में लोगों से समर्थन मांगा।

## बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड के आदिवासियों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं : हिमंत बिश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने बांग्लादेश से घुसपैठ पर शनिवार को चिंता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से झारखंड में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर इसके प्रभाव को लेकर प्रकाश डाला।

एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने दावा किया कि बांग्लादेशी घुसपैठिये अक्सर आदिवासी महिलाओं से शादी करके जमीन हासिल कर लेते हैं और उनके अधिकारों पर कब्जा जमा लेते हैं। उन्होंने कहा, मैंने इसे असम में प्रत्यक्ष रूप से देखा है, जहां की 40 प्रतिशत आबादी बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। यह हालात पश्चिम बंगाल की स्थिति को दर्शाते हैं। हमारे भविष्य की सुरक्षा के लिए झारखंड में इसी तरह की स्थिति को रोकना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमें झारखंड में जबरन धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार का चुना जाना आवश्यक है। शर्मा केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के लिए प्रचार के वास्ते खूंटी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तमाड़ पहुंचने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण वह कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके और बाद में अपने मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को संबोधित किया।

## बिहार: नीट-स्नातक प्रश्न-पत्र लीक मामले में अब तक 13 लोग गिरफ्तार

**पटना/भाषा।** बिहार पुलिस ने पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक के कथित प्रश्न पत्र लीक मामले में अब तक चार अभ्यर्थियों और उनके परिवार के सदस्यों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच शुक्रवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) को सौंप दी गई।

ईओयू द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, 'अब तक इस मामले की जांच पटना पुलिस की विशेष टीम कर रही थी। अब तक चार अभ्यर्थियों और उनके परिजनों समेत कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, गिरफ्तार आरोपियों में से एक व्यक्ति बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षक भर्ती परीक्षा-3 प्रश्नपत्र लीक मामले में भी शामिल है। विज्ञप्ति के मुताबिक, 'सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं और ईओयू के अधिकारी उनसे हिरासत में पूछताछ करेंगे। पुलिस ने आरोपियों के पास से आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं।

विज्ञप्ति में बताया गया कि अब तक की जांच से पता चला है कि नीट-स्नातक के प्रश्न पत्र और उनके उत्तर पांच मई की परीक्षा से पहले ही लगभग 35 अभ्यर्थियों तक पहुंचा दिए गए थे। विज्ञप्ति के मुताबिक, मामले की जांच जारी है।



## अगर अंबानी, अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो मोदी सरकार ने कार्रवाई क्यों नहीं की : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**समस्तीपुर/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि अगर उनके आरोप के अनुसार उद्योगपति मुकेश अंबानी एवं गौतम अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

बिहार के समस्तीपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने इसकी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम अंबानी और अडाणी पर चुप हैं, हम चुप नहीं हैं... मैं पूछ रहा हूं कि अगर उनके आरोप के अनुसार, हमें इन उद्योगपतियों से काला धन प्राप्त हुआ तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने स्वयं काला धन प्राप्त किया था।

देश के लिए कांग्रेस के योगदान को याद करते हुए खरगे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया और महात्मा गांधी तथा राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों के संघर्षों के कारण भारतीयों को मताधिकार का इस्तेमाल करने का अधिकार मिला।

इसके बाद, बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, लोकतंत्र की रक्षा की जानी चाहिए क्योंकि इसने एक चाय बेचने वाले के बेटे को प्रधानमंत्री और एक मजदूर के बेटे को विपक्षी दल का नेता बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री भगवान राम से ज्यादा कांग्रेस और गांधी परिवार का नाम लेते हैं।



## इस चुनाव में भाजपा की कोई नाटकबाजी-जुमलेबाजी काम नहीं आने वाली : मायावती

**श्रावस्ती (उप्र)/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को दावा किया कि इस बार भाजपा की कोई भी पुरानी नाटकबाजी और जुमलेबाजी काम नहीं आने वाली है।

श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के कटरा स्थित पर्यटन मैदान में शनिवार को बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में अलग अलग चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा ''भाजपा को देश की जनता समझ चुकी है, कि इनकी पार्टी ने अब तक देश के विशेष तौर पर गरीबों, कमजोर, मध्यमवर्गीय व अन्य मेहनतकश तबकों को अच्छे दिन दिखाने के जो असंख्य प्रलोभन भरे वादे किए तथा कई हवा हवाई कागजी गारंटी दी थी, हकीकत में उसका एक चौथाई भी ये पूरा नहीं कर सके। उन्होंने दावा किया, इस बार चुनाव में इनकी कोई भी पुरानी व नई चल रही नाटकबाजी, जुमलेबाजी एवं गारंटी काम में आने वाली नहीं है।

## पंत धीमी ओवर गति से जुड़े निलंबन के कारण आरसीबी के खिलाफ नहीं खेलेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) के खिलाफ रविवार को होने वाले अहम मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैच के आखिरी ओवर में तय समय से 10 मिनट पीछे थी। आईपीएल से जारी बयान के मुताबिक, दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर सात मई 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। दिल्ली की टीम को इससे पहले सत्र की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स (31 मार्च) और कोलकाता नाइट राइडर्स (तीन अप्रैल) के खिलाफ धीमी ओवर का दोषी पाया गया था।

# गुजरात में आईपीएल मैच के दौरान धोनी से मिलने के लिए मैदान में घुसा व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान क्रिकेटर एम.एस. धोनी से मिलने के लिए कड़ा सुरक्षा घेरा तोड़ने वाले 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात शहर के मोटेरा इलाके में स्थित स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच के दौरान हुई। सहायक



पुलिस आयुक्त डी.वी. राणा ने कहा कि भावनगर जिले के रबारिका गांव के मूल निवासी जयकुमार जानी को भारतीय दंड संहिता की धारा 447 (आपराधिक अतिचार) के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि जानी ने पुलिस को बताया कि वह धोनी का प्रशंसक है और उनसे मिलना चाहता था।

अधिकारी ने कहा कि वह अवरोध फांदकर बल्लेबाजी कर रहे धोनी की ओर भागा। सोशल मीडिया पर सामने आए घटना के एक वीडियो में, जानी पिच के पास धोनी के आगे झुकता और उन्हें गले लगाते दिखता है। इसके बाद सुरक्षाकर्मी उसे वहां से ले जाते हुए दिखते हैं। राणा ने कहा, जानी और उसका भाई पार्थ मैच देखने के लिए भावनगर से आए थे। डीआरएस (निर्णय समीक्षा प्रणाली) ब्रेक के दौरान जानी काले स्क्रीन के पास लगा धातु का अवरोधक फांदकर पिच की ओर भागा। उसे तुरंत पकड़कर चांदखेड़ा थाने ले जाया गया।

अधिकारी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद शनिवार को उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में छह महीने में यह दूसरी ऐसी घटना है।

नवंबर 2023 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप फाइनल के दौरान ऑस्ट्रेलियाई नागरिक वेन जॉनसन विराट कोहली को गले लगाने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में घुस गया था।

# कोई लक्ष्य नहीं था, हर ओवर का अधिकतम फायदा उठाना चाहते थे: शुभमन गिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शुक्रवार को यहां 35 रन की जीत दर्ज करने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी कोशिश हर ओवर में अधिक से अधिक रन जुटाने की थी।

गिल (104) और साई सुदर्शन (103) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच शुरुआती विकेट के लिए 210 रन की दमदार साझेदारी से गुजरात ने तीन विकेट पर 231 रन बनाने के बाद सीएसके की पारी को आठ विकेट पर 196 रन पर रोककर शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद मैन ऑफ द मैच गिल ने



कहा, हमारे मन में कोई लक्ष्य नहीं था, हम हर ओवर और मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहे थे। हम किसी लक्ष्य के बारे में नहीं सोच रहे थे। हमने अपने सामने आए हर ओवर और अवसर का अधिकतम लाभ उठाया। उन्होंने सुदर्शन के साथ शानदार साझेदारी के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमारे बीच अच्छी समझ है, हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। निश्चित रूप से यह पहले विकेट के लिए हमारी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।

मोहित शर्मा ने डेरिल मिचेल, मोईन अली और शिवम दुबे जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को आउट कर लक्ष्य का बचाव करने में गुजरात की मदद की। गिल ने कहा, मोहित भाई ने पिछले कुछ वर्षों में हमारे लिए यह काम लगातार करते रहे है। उन्होंने आज भी शानदार तरीके से गेंदबाजी की। गिल ने कहा कि उनकी टीम ने आखिर में 15-20 रन कम बनाए। उन्होंने कहा ''ईमानदारी से कहूं तो एक समय हम 250 रन की ओर बढ़ रहे थे। लेकिन हम थोड़े दूर रह गए। आखिरी दो-तीन ओवरों में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। मुझे लगा कि मैच के लिहाज से नहीं बल्कि नेट रन रेट के लिहाज से हम 10-15 रन पीछे रह गए।

## सुविचार

**जिंदगी में हमेशा उड़ने की कोशिश कीजिए, चल नहीं सकते तो खिसकने की कोशिश कीजिए, क्योंकि एक स्थान पर रह कर आप जिंदगी में आगे नहीं जा सकते, यही जिंदगी का सच है।**

## ट्वीट

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ को लेकर जो व्यक्तव्य दिया वह गहलोत की हताशा और खुन्नस से ज्यादा कुछ भी नहीं है। उनका बेटा वैभव गहलोत चुनाव हार रहा है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने गहलोत को सम्मान नहीं दिया।

**-घनश्याम तिवाड़ी**



आज अमेठी स्थित गौरीगंज के जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में हिस्सा लिया। अमेठी की जनता गांधी परिवार के विचारों व कांग्रेस की गारंटियों के साथ परिवर्तन को तैयार दिखी। संवाद के दौरान देश को न्याय दिलाने के कांग्रेस के संकल्प पर विस्तृत विचार रखे।


**-अशोक गहलोत**



## कहानी

# निशानी

पुष्पेश कुमार 'पुष्प'
मोबाइल : 09135014901



मोहन बाबू अपनी छोटी बेटी की शादी का कार्ड देने आये थे, तब मैंने पूछा – क्या शादी की सारी तैयारी पूरी हो गयी? उन्होंने कहा – हां, सारी तैयारी पूरी हो गयी है। अपनी अंतिम बेटी की शादी काफी धूम – धाम से करुंगा? बड़ी बेटी में तो उतना खर्च नहीं कर पाया था, लेकिन इस बार कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। आप जरूर आइएगा। मैं मुस्कुराते हुए बोला – बेटी की शादी हो और मैं शामिल न होऊं। ऐसा हो नहीं सकता। मैं जरूर आऊंगा।

मेरे आश्वासन पाकर मोहन बाबू चले गये, लेकिन मेरी समझ में यह बात नहीं आ रही थी कि आखिर शादी का इतना सारा खर्च वे कहां से करेगे? मैं उनसे भलीभांति परिचित ही नहीं हूं, बल्कि उनसे मेरा पारिवरिक संबंध भी है। वे किसी प्रकार अपनी जिंदगी गुजर – बसर कर रहे थे। उनके पास अब बचा ही क्या था? संपत्ति के नाम पर बस एक छोटा – सा घर और वे एक कंपनी में क्लर्क थे।

उनका अतीत मेरी आंखों के सामने घूमने लगा। मोहन बाबू के पिता रामप्रीत बाबू शिक्षक थे और उनके तीन बेटे थे – प्रमोद, मोहन व अरुण। बाप – दादा की बनायी काफी संपत्ति थी गांव में। मोहन बाबू भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। रामप्रीत बाबू खाने – पीने के शौकीन थे। उस समय एक शिक्षक को तनख्वाह मिलती ही क्या थी? उतनी कम तनाख्वाह में बच्चों की पढ़ाई और उनके खाने के शौक कहां से पूरे होते? रामप्रीत गांव छोड़कर शहर में आकर किराये के मकान में आकर रहने लगे। वे अपनी शान – शौकत दिखाने के लिए गांव की जमीन बेचकर खाने लगे।

धीरे – धीरे तीनों बच्चे बड़े हो गये, लेकिन रामप्रीत बाबू के शान–शौकत में कोई कमी नहीं आ रही थी। मैट्रिक पास करते ही प्रमोद ने एक स्कूल में नौकरी कर ली, तो अरुण भी अपने बड़े भाई के नक्शे कदम पर चलकर स्कूल में नौकरी कर ली। लेकिन मोहन बाबू अपने पिता की तरह दिखावे की जिंदगी जीने लगे। वे तो सरकारी नौकरी करने के खिलाफ थे। वह व्यवसाय करना चाहते थे। अब इन दोनों भाइयों की कमाई से घर चलने लगा था, तो मोहन बाबू निठ्ठला इन दोनों की कमाई पर ऐश की जिंदगी जी रहे थे।

कई बार दोनों ने कहा कि अब कोई ढंग की नौकरी कर घर चलाने में उनकी मदद करें, लेकिन मोहन बाबू का एक ही जवाब होता था – नौकरी तो तुच्छ लोग लोग करते हैं। मैं तो बहुत बड़ा आदमी बनना चाहता हूं।

मोहन बाबू अपनी ख्वाहिशों को पूरी करने के लिए फिल्म बनाने का निर्णय किया। वे फिल्म में काम देने के नाम पर लोगों से बहुत रुपये ऐंठे और आखिर उनका यह रेत का महल कब तक टिकता? एक दिन उनका यह रेत का महल भरभराकर ढह गया। उनका सच लोगों के सामने आ गया। वे लोगों की निगाहों से दूर भागते रहे। उनका बड़े आदमी बनने का सपना सपना ही रह गया। फिल्म में तो हीरो नहीं बन सके, पर मोहल्ले के गणेश पूजा के अवसर पर होने वाले नाटक के हीरो जरूर बन गये। सारा दिन इधर – उधर घूमना और घर आते ही रौब झाड़ने लगते, मानो सारा दिन मेहनत करते रहे हों। मनपसंद भोजन न मिलने पर थाली में परोसा भोजन उठाकर फेंक देते। आखिर एक मध्यम वर्गीय परिवार में रोज स्वादिष्ट भोजन कहां से बनता? आखिर घर चल रहा था तो उन दोनों भाइयों की बदौलत ! लेकिन निठ्ठले मोहन बाबू को रुखा – सूखा भोजन कहां पसंद था?

रामप्रीत बाबू रिटायर हो गये और अपनी सारी पेंशन मोहन बाबू को ही दे दिया करते थे। मोहन बाबू कुछ दिन इन रुपयों से घर से बाहर होटल में खाते और जब रुपये खत्म हो जाते, तो रुपये के लिए अपने भाइयों पर दवाब बनाने लगते। घर में कलह के डर से दोनों भाई चुपचाप रुपये दे देते। इस प्रकार मोहन बाबू की आदत बिगड़ती ही जा रही थी। रात में कभी शराब तो कभी ताड़ी पीकर घर आते और गाली–गलौज करते। इस प्रकार घर का वातावरण दूषित होता जा रहा था। इस गाली–गलौज के कारण सब लोग उनसे डरते थे। मोहन बाबू के इस हरकत से रामप्रीत बाबू भी भीतर ही भीतर घुटन महसूस कर रहे थे। उनकी आदत को बिगाड़ा था, तो उन्होंने ही। अब अपने इस नालायक बेटे को कुछ कह नहीं सकते थे, क्योंकि वे उनके हाथ से बाहर हो चुके थे।

रामप्रीत बाबू के काफी समझाने के बाद मोहन बाबू व्यवसाय करने को राजी हुए। पर व्यवसाय के लिए रुपये कहां से आते? गांव की कुछ जमीन उनके व्यवसाय की खातिर बेच दी गयी। मोहन बाबू ने पारचून की दुकान खोली, लेकिन दुकान पर ग्राहक कम और उनके नशेड़ी मित्रों का जमघट जरुर लगा रहता था।

दुकान की सारी जमा पूंजी उन्होंने अपने नशेड़ी मित्रों के ऊपर उड़ा दी। अंत में दुकान भी बंद हो गयी। इधर अरुण शिक्षक की नौकरी करते हुए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था और वह प्रखंड विकास अधिकारी बन गया। उसकी नियुक्ति आरा में हो गयी। इस प्रकार अरुण अपने परिवार और शहर से दूर चला गया।

बड़े भाई प्रमोद की शादी हो गयी, तो मोहन बाबू को भी शादी करने लिए रामप्रीत बाबू ने कहा, ताकि छोटे भाई अरुण की शादी का रास्ता साफ हो सके।

रामप्रीत बाबू ने समझाते हुए कहा– बेटा ! दोस्तों के साथ आवारागर्दी करने से जिंदगी नहीं कट सकती। अब तुम शादी कर अपनी गृहस्थी बसा लो। तुम्हारी शादी के बगैर अरुण की शादी कैसे होगी? हर चीज समय पर ही अच्छी लगती है। अब जिद न करो और शादी कर कोई नौकरी की तलाश करो।

मुझे शादी नहीं करनी। शादी कर उसे खिलाऊंगा कहां से? वैसे भी मैं कोई छोटी–मोटी नौकरी कर गुलामी की जिंदगी जीना नहीं चाहता। मैं तो बहुत बड़ा आदमी बनना चाहता हूं। अरुण की शादी आप कर दीजिए। मुझे कोई एतराज नहीं है। मोहन बाबू बोले। बेटा! जिद मत करो। जल्दबाजी में कोई ऐसा फैसला न करो कि बाद में पछ्ताना पड़े। रामप्रीत बाबू बोले। मैंने सोच – समझकर ही फैसला लिया है। आप मुझ पर शादी का दवाब मत डालिए। मोहन बाबू बोले।

जो तुम्हारी मर्जी में आये करो। रामप्रीत बाबू बोले। दोनों भाइयों के समझाने के बाद भी मोहन बाबू शादी के लिए तैयार नहीं हुए।

अंत में अरुण की शादी कर दी गयी। मोहन बाबू अपनी जिद पर अड़े रहे। दोनों भाइयों की शादी हो जाने से घर का खर्चा बढ़ गया था। अरुण अपनी पत्नी को लेकर आरा चला गया। बड़े भाई का भी अब अपना परिवार था। मोहन बाबू को ऐय्याशी करने के लिए पैसा कहां से देते? इस बात को लेकर मोहन बाबू अपने बड़े भाई से खफा हो गये।इसी बीच मोहन बाबू की दोस्ती रामशरण बाबू नामक एक प्रोफेसर से हो गयी और उन्हें ही अपना बड़ा भाई मानने लगे। एक बार उनके बड़े भाई की तबियत खराब हो गयी। अस्पताल ले जाने की नौबत आ गयी। घर में उस समय उनके माता–पिता और प्रमोद की पत्नी ही थी। रामप्रीत बाबू ने मोहन बाबू से कहा– बेटा ! तुम्हारे बड़े भाई की तबियत खराब है। उसे अस्पताल ले जाकर दिखा दो। मैं ठहरा वृद्ध आदमी मुझसे अब ज्यादा भाग – दौड़ नहीं हो पाता।

मोहन बाबू बिफरकर बोल – मेरा कोई भाई–वाई नहीं है। मेरे तो एक ही भाई हैं, वह रामशरण बाबू। अब वे ही मेरे सब कुछ हैं। कोई मरे या जीये मुझे इन लोगों से कोई लेना – देना नहीं है। मैं अभी रामशरण बाबू के यहां जा रहा हूं। रात को देर से घर लौटूंगा।

प्रमोद की तबियत बिगड़ती ही जा रही थी। ऐसे में प्रमोद की पत्नी स्वयं अपने पति को अस्पताल ले जाने लगी। यह देख पड़ोस के नित्यानंद के साथ और लोग भी आ गये। वे बोले – भाभी जी ! आप अकेली नहीं जाएगी। हम सब आपके साथ चलेंगे। और पड़ोस के लोगों ने प्रमोद को अस्पताल पहुंचाया। उस बुरे वक्त में पड़ोसियों ने साथ दिया। अपने तो बेगाने हो गये।

सुबह में प्रमोद को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। प्रमोद अपनी पत्नी के साथ घर लौट आया।

मोहन बाबू को अपने भाई की चिंता कहां थी? वे तो अपने माने हुए भाई की सेवा में लगे थे।

ऐसे ही एक दिन रामशरण बाबू को अपने पड़ोसी से झगड़ा हो गया और बात इतनी अधिक बढ़ गयी कि मार – पीट की नौबत आ गयी। मोहन बाबू आगे आ गये। पड़ोसी ने मोहन बाबू की खूब पिटाई की। मोहन बाबू जमीन पर पड़े थे। रामशरण बाबू उन्हें अस्पताल पहुंचाने तक की जहमत नहीं उठायी। इस बात की खबर जैसे ही प्रमोद और उसकी पत्नी को लगी। वे दोनों फौरन वहां पहुंच उन्हें उठाकर अस्पताल पहुंचाया। मोहन बाबू जिसे अपने संगे भाई से भी ज्यादा मानते थे और अपनी जान तक न्यौछावर करने को तैयार थे। वे उन्हें अस्पताल में देखने तक नहीं आये। ऐसे समय में साथ दिया तो अपने भाई–भाभी ने ही।

इसके बावजूद मोहन बाबू सुधरने का नाम नहीं ले रहे थे। उनके गलत आचरण से परिवार का मान–सम्मान धूमिल हो रहा था। अंत में छोटे भाई ने मोहन बाबू को आरा बुला लिया, ताकि वहां रहने से उनके स्वभाव में बदलाव आ जाए, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मोहन बाबू को चालीस वर्ष की उम्र में वुद्धि आयी। अब जाकर उन्हें एहसास होने लगा कि उनके जीवन में एक साथी की जरुरत है, किंतु चालीस वर्ष के मोहन बाबू को कौन अपनी बेटी का हाथ सौंपता? वे अपनी शादी के लिए जी–तोड़ प्रयास करने लगे। फिर उनकी शादी के रास्ते में बेरोजगारी और उनका अपना घर न होना बाधा उत्पन्न करने लगी। काफी भाग–दौड़ के बाद एक छोटी–सी कंपनी में क्लर्क की नौकरी कर ली और भाइयों के हिस्से की बची सारी जमीन बेच दी। यह जानकर दोनों भाई खून का घूंट पीकर रह गये। मोहन बाबू बाप–दादा की संपत्ति के नाम पर कुछ नहीं छोड़ा था। उन पैसों से शहर में जमीन खरीदी और उस जमीन का आधा भाग बेच दिया, तब जाकर एक छोटा – सा घर बना पाये।

मोहन बाबू की शादी भी हो गयी, वो भी एक विक्षिप्त लड़की से। वह रोज मोहन बाबू से लड़ाई – झगड़े करते थी। अब उन्हें एहसास होने लगा था कि बुढ़ापे में शादी करने का नतीजा क्या होता है? मोहन बाबू रामप्रीत बाबू को अपने साथ ही रखते थे। वे अपनी सारी पेंशन उन्हें दे दिया करते थे। कुछ समय तो बहू अपने ससुर की सेवा करती रही, फिर धीरे–धीरे उनकी देख–भाल कम होने लगी। ऐसा कब तक चलता ! देख–भाल न होने के कारण रामप्रीत बाबू बीमार पड़ गये। और एक दिन सोये तो फिर कभी नहीं उठे।

उनकी क्रिया–कर्म भी तो प्रमोद ने ही किया, क्योंकि अरुण अब काफी बदल गया था। वह तो अपने पिता का अंतिम दर्शन तक करने नहीं आया। मोहन बाबू तो उस समय पैसा न होने का रोना रोने लगे।

कुछ वर्षों बाद उनकी पत्नी दो बच्चियों को जन्म देकर इस संसार से विदा हो गयी। अब मोहन बाबू की जिंदगी बीच भंवर में फंस गयी। जैसे–तैसे दोनों बच्चियों का पालन–पोसन किया। दोनों अब शादी के योग्य हो गयी थी।

बड़ी बेटी की शादी एक अमीर घराने के गूंगे व विकलांग लड़के से कर दी। सोचा था कि बेटी हर प्रकार से सुखी जीवन बिताएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर लड़की की चाहत होती है एक खूबसूरत पति की, लेकिन वह अपनी किस्मत का लिखा समझकर जिंदगी जीने को मजबूर थी। मोहन बाबू को इस बात का एहसास हो गया था कि एक लड़की के लिए केवल दौलत मायने नहीं रखती बल्कि उसके भी कुछ शौक–अरमान होते हैं, जो उनकी बेटी के पूरे नहीं हुए।

मोहन बाबू इस बार बेटी की शादी बहुत सोच–समझकर कर रहे थे। लड़का अनाथ था। उसके मां–बाप इस दुनिया में नहीं थे। चाचा–चाची ने पाल–पोसकर बड़ा किया था। लड़का देखने में अच्छा और व्यवसाय कर रहा था। वे लड़के के चाचा से वादा कर आये थे कि दान–दहेज में बेटी को बहुत कुछ देंगे।

शादी के मंडप पर इसी बात को लेकर मोहन बाबू को लड़के के चाचा ने बहुत बुरा – भला कहा था। मोहन बाबू यह सब सुनने को विवश थे। वे कहां से लाते लाखों रुपये? अब उनके पास बचा ही क्या था देने को? निशानी के तौर दो कमरों का मकान। लोगों ने समझा–बुझाकर लड़के के चाचा को शांत किया। मोहन बाबू झूठ – सच बोलकर बेटी की शादी के दायित्वों से मुक्त हो गये।

एक दिन बाजार में मोहन बाबू मिल गये। मैं बोला– अब तो आप सारे दायित्वों से मुक्त हो गये। चलिये सब कुछ ठीकठाक हो गया।

मोहन बाबू बोले – हां भाई ! बेटी की शादी से मुक्त हो गया। अब मेरा क्या है? कहीं भी रह लूंगा।

कहीं भी रह लूंगा का मतलब क्या है? मैं आश्चर्य से बोला।

मोहन बाबू बोले– मैंने अपना मकान बेच दिया है और उन पैसों को दोनों बेटियों में बांट दिया। मेरा क्या है? किसी तरह जिंदगी कट ही जाएगी।

उनकी बातें सुनकर मैं दंग रह गया और यह सोचने पर विवश हो गया कि बेटी की शादी की खुशी मनाऊं या मकान बिकने का गम?

मैं फिर बोला– इतनी धूमधाम से शादी करने की क्या आवश्यकता थी? कम खर्चे में ही शादी कर निपट जाते। कम से कम अंतिम निशानी के तौर पर वह घर बिकने से बच तो जाता। अब कहां आएगी वे बच्चियां? उनकी नैहर तो हमेशा के लिए ही छूट गयी। उसके बच्चे जब ननिहाल आने की बात करेंगे, तो वो क्या जवाब देगी?

मोहन बाबू इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे पाये और मौन धारण कर लिया।

मोहन बाबू तो जीवन भर अपने भाइयों के हिस्से की जमीन बेचकर ऐय्याशी करते रहे। अब जीवन के अंतिम पड़ाव में अपनी अंतिम निशानी भी बेच दी। इस अर्थ के युग में बिना पैसों के कौन उनकी देख–भाल करेगा? यही सोचता मैं एकटक उन्हें निहारता शून्य में खो गया।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# छह बजेंगे अवश्य..!

सोसायटी की पार्किंग में लगभग चार साल का एक बच्चा खेल रहा है। वह ऊपरी मंज़िल पर रहने वाले आयु में अपने से बड़े किसी मित्र को आवाज़ लगा रहा है, ...भैया खेलने आओ।...अभी पढ़ रहा हूँ ..., मित्र बच्चे का स्वर सुनाई देता है।... अच्छा कब आओगे?... छह बजे..., ...ठीक है, छह बजे आओ..। वह फिर से खेलने में मग्न हो गया।

यह छोटू अभी घड़ी देखना नहीं जानता। छह कब बजेंगे, इसका कोई अंदाज़ा भी नहीं है पर उसका अंतःकरण शुद्ध है, विश्वास दृढ़ है कि छह बजेंगे और भैया खेलने आएगा।

विचारबिंदु यहीं से विस्तार पाता है। जीवन में ऐसा कब– कब हुआ कि कठिनाइयाँ हैं, हर तरफ अंधेरा है पर दृढ़ विश्वास है कि अंधेरा छँटेगा, सूरज उगेगा। इस विश्वास को फलीभूत करने के लिए कितना डूबकर कर्म किया? कितने शुचिभाव से ईश्वर को पुकारा? ईश्वर को मित्र माना है तो शत–प्रतिशत समर्पण से पुकार कर तो देखो।

कुरुसभा के द्यूत में युधिष्ठिर अपने सहित सारे पांडव हार चुके। दाँव पर द्रौपदी भी लगा दी। दु:शासन केशों से खींचते हुए पांचाली को सभा में ले आया। दुर्योधन के आदेश पर सार्वजनिक रूप से वस्त्रहरण का विकृत कृत्य आरम्भ कर दिया। द्रुपदसुता ने पराक्रमी पांडवों की ओर निहारा। पांडव सिर नीचा किये बैठे रहे। यथाशक्ति संघर्ष के बाद असहाय कृष्णा ने अंतत: अपने परम सखा कृष्ण को पुकारा, ' अभयम हरि, अभयम हरि।' मनसा, वाचा, कर्मणा जीवात्मा पुकारे, परमात्मा न आए, संभव ही नहीं। कृष्ण चीर में उतर आए। चीर, चिर हो गया। खींचते–खींचते आततायी दु:शासन का श्वास टूटने लगा, निर्मल मित्रता पर द्रौपदी का विश्वास जगत में बानगी हो चला।

इसी भाँति गजराज का पाँव पानी में खींचने का प्रयास ग्राह ने किया। अनेक दिनों तक हाथी और मगरमच्छ का संघर्ष चला। मृत्यु निकट जान गजराज ने आर्त भाव से प्रभु को पुकारा। गजराज की यह पुकार ही स्तुति रूप में गजेन्द्रमोक्ष बनी।

**यः स्वात्मनीदं निजमाययार्पितं**
**क्वचिद्विभातं क्व च तत्तिरोहितम।**

**अविद्धदृक साक्ष्युभयं तदीक्षते**
**स आत्ममूलोवतु मां परात्परः।**

अर्थात अपनी संकल्प शक्ति द्वारा अपने ही स्वरूप में रचे हुए, सृष्टिकाल में प्रकट और प्रलयकाल में उसी प्रकार अप्रकट रहने वाले, कार्य–कारणरूप जगत को जो निर्लिप्त भाव से साक्षी रूप से देखते रहते हैं, वे परम प्रकाशक प्रभु मेरी रक्षा करें।...गज की न केवल रक्षा हुई अपितु भवसागर से मुक्ति भी मिली।

शुद्ध मन, निष्पाप भाव, दृढ़ विश्वास की त्रिवेणी भीतर प्रवाहित हो रही हो और आर्त भाव से ईश्वर से पूछ सको कि भैया कब आओगे, तो विश्वास रखना कि हाथ में घड़ी हो या न हो, समय देखना आता हो या न आता हो, तुम्हारे जीवन में भी छह बजेंगे अवश्य।

## बोध कथा

# शिकार का ऐलान

सालों पहले एक घने से जंगल में कुछ जानवर रहा करते थे। उनमें से एक शेर था और उसकी सेवा में हरदम लोमड़ी, भेड़िया, चीता और चील रहते थे। लोमड़ी को शेर ने अपनी सेक्रेटरी, चीता को अपना अंगरक्षक और भेड़िये को अपना गृहमंत्री बना रखा था। इनके अलावा, चीता दूर–दूर की सारी खबरें लाकर शेर को देता था यानी वो खबरी का काम करता था।

इन चारों को भले ही शेर ने अच्छे–अच्छे पद दे रखे थे, लेकिन दूसरे जानवर इन्हें चापलूस मंडली कहते थे। सबको पता था कि चारों कोई काम करें, चाहे न करें, लेकिन शेर की चापलूसी खूब अच्छे से करते हैं। रोजाना चारों जानवर शेर की बढ़ाई में कुछ शब्द कह देते थे, जिससे वो खुश हो जाता था। इन सबके चलते जैसे ही शेर शिकार करता था, तो अपना पेट भरने तक खाने के बाद वो अपने चारों खास पद में बैठे जानवरों को बाकी का हिस्सा दे देता था। इसी तरह लोमड़ी, भेड़िया, चीता और चील की जिंदगी बड़े ही आराम से कट रही थी। एक दिन खबरी चील ने अपने चापलूस दोस्तों को आकर बताया कि काफी देर से सड़क के पास में ही एक ऊंट बैठा हुआ है। भेड़िया ने सुनते ही पूछा कि क्या वो अपने काफिले वालों से बिछड़ गया है?

चीते ने इस सवाल को सुनते ही कहा कि चाहे जो भी हो हम उसका शिकार करवा देते हैं शेर से। उसके बाद कई दिनों तक आराम से उसे खाएंगे। इस बात को सहमति देते हुए लोमड़ी ने कहा कि ठीक है मैं जाकर राजा से यह बात करती हूं। इतना कहकर सीधे लोमड़ी शेर के पास पहुंची और बड़े ही प्यार से बोली, 'महाराज! हमारा दूत खबर लेकर आया है कि एक ऊंट हमारे इलाके में आकर सड़क के किनारे में बैठा हुआ है।' मुझे किसी ने बताया था कि मनुष्य जिन जानवरों को पालते हैं उनका स्वाद काफी अच्छा होता है। एकदम राजाओं के खाने के लायक। अगर आप कहें, तो मैं यह एलान करवा दूं कि वह ऊंट आपका शिकार है? लोमड़ी की अच्छी बातों में आकर शेर ने कहा, ठीक है। इतना कहते ही वह उस जगह पर पहुंच गया, जहां ऊंट बैठा हुआ था। शेर ने देखा कि वो ऊंट काफी कमजोर है और उसकी आंखें भी काफी पीली हो चुकी हैं। उसकी ऐसी हालत शेर से देखी नहीं गई। उसने ऊंट ने पूछा कि दोस्त, तुम्हारी ऐसी हालत कैसे हो गई? कराहते हुए ऊंट ने जवाब दिया, 'जंगल के राजा क्या आपको नहीं पता कि सारे इंसान कितने दयाहीन होते हैं। सारी उम्र मुझसे एक व्यापारी ने माल ढुलाया। अब मैं बीमार हो गया, तो उसने मुझे अकेले मरने के लिए छोड़ दिया। उसने सोचा कि मैं उसके किसी काम का नहीं रहा। इसी वजह से अब वो मुझे अपने साथ नहीं रख रहा है और न ही मेरा इलाज करवा रहा है। अब आप ही मेरा शिकार कर दीजिए ताकि मुझे इस दर्द से मुक्ति मिल जाए।'

इन सब बातों को सुनकर शेर काफी दुखी हुआ। उसने ऊंट से कहा कि अब तुम इसी जंगल में रहोगे हमारे साथ। यहां तुम्हें कोई भी नहीं मारेगा। मैं एलान कर देता हूं कि तुम्हारा शिकार कोई जानवर नहीं करेगा। शेर की इस दयालुता को देखकर चारों चापलुस जानवर दंग रह गए। धीमी आवाज में भेड़िये ने कहा कि कोई नहीं, बाद में इसे किसी तरह से मरवा देंगे। अभी जंगल के राजा का आदेश मान लेते हैं। ऊंट अब उसी जंगल में आराम से रह रहा था। अच्छे से हरी घास खाते–खाते ऊंट एक दिन बिल्कुल स्वस्थ हो गया। वो हमेशा शेर के प्रति आदर भाव रखता था और शेर के दिल में भी उसके लिए दया और प्रेम की भावना थी। अब शेर की शाही सवारी भी स्वस्थ ऊंट निकालता था। वो शेर के चारों खास पदाधिकारी जानवरों को अपनी पीठ पर बैठाकर चलता। एक दिन चापलूस जानवरों ने जंगल के राजा शेर को हाथी का शिकार करने के लिए कहा। राजा भी मान गया, लेकिन वो हाथी पागल था। उसने शेर को बुरी तरह से पटक दिया। किसी तरह से शेर पागल हाथी से बच तो गया, लेकिन उसे काफी चोट लग लई। अब बीमार शेर बिना शिकार किए किसी तरह से अपनी जिंदगी जीने लगा। उसके सेवक भी भूखे थे। उनके मन में हुआ कि आखिर ऐसा क्या करें कि कुछ खाने को मिल जाए। फिर उनका ध्यान हट्टे–कट्टे हो चुके ऊंट पर गया। सबने मिलकर एक तरकीब सोची और राजा के पास चले गए। सबसे पहले भेड़िए ने कहा कि महाराज आप कितने दिनों तक भूखे रहेंगे। मेरा शिकार करके मुझे खा लीजिए आपकी भूख मर जाएगी।

## वीर गाथा

# मेजर जेएस पांडियन: बॉक्सिंग से लेकर सैन्य अभियान तक, हमेशा रहे चैंपियन

मेजर जॉन सौंद्रा पांडियन का जन्म 23 मार्च, 1960 को तमिलनाडु के मदुरै में हुआ था। माता सिंथिया पांडियन और पिता पीएच पांडियन की वीर संतान जॉन ने अपनी स्कूली पढ़ाई बेंगलूरु के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल से की थी। वे पढ़ाई के साथ ही खेलकूद में शानदार प्रदर्शन करते थे। उन्होंने बॉक्सिंग में इनाम जीते थे।

जॉन ने हाई स्कूल के बाद यूपीएससी परीक्षा पास की और पुणे के खड़कवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के लिए चुन लिए गए। इसके बाद उन्हें मद्रास रेजिमेंट में शामिल कर लिया गया। वे मई 1996 में अपनी यूनिट के साथ एलओसी के करीब डोडा जिले में तैनात किए गए थे।

वहां यूनिट के जवान अग्रिम चौकियों पर निगरानी रखने के अलावा घुसपैठ को रोकने के लिए अभियान भी चलाते थे। उन्होंने इसी सिलसिले में कई आतंकवादियों का खात्मा कर दिया था। नौ मई को सुरक्षा बलों को अपने खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि डोडा जिले के कठुआ इलाके में कुछ आतंकवादी मौजूद हैं। इस जानकारी के आधार पर मेजर पांडियन की यूनिट ने वहां तलाशी अभियान शुरू करने का फैसला लिया।

10 मई को मेजर पांडियन के नेतृत्व में जवानों की टीम उस इलाके में पहुंच गई। उन्होंने आतंकवादियों को ललकारा, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। यह कार्रवाई देखते ही देखते भयंकर मुठभेड़ में तब्दील हो गई। मेजर पांडियन आगे बढ़कर अपने जवानों का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने सबसे पहले उन रास्तों को बंद करवाया, जहां से आतंकवादी फरार हो सकते थे। उन्हें एक आतंकवादी नजर आया, जो जवानों की ओर भारी गोलीबारी कर रहा था। मेजर पांडियन ने धावा बोला और उसे मार गिराया।

अचानक एक आतंकवादी ने हैंड ग्रेनेड फेंका, जो मेजर पांडियन के नजदीक आकर फट गया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने इसके बावजूद अपने जवानों को कार्रवाई तेज करने के लिए आदेश देते हुए कहा कि एक भी आतंकवादी ज़िंदा नहीं बचना चाहिए। टीम ने ऐसा ही किया। भारतीय जवानों ने मुठभेड़ में शामिल उन आतंकवादियों का खात्मा कर दिया। उस अभियान में अपने जवानों का कदम–कदम पर साथ देने वाले मेजर पांडियन वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनके साहस, शौर्य, नेतृत्व और बलिदान को पूरा भारत नमन करता है। उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस' के कर्मी विमान में शव रखना भूले : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी विमानन कंपनी 'पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस' (पीआईए) के कर्मियों ने लापरवाही बरतते हुए छह-वर्षीय एक बच्चे का शव को यहां हवाई अड्डे पर ही छोड़ दिया जिसे पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्तिस्तान में उस उड़ान के जरिए भेजा जाना था जिसमें उसके माता-पिता सफर कर रहे थे। मीडिया द्वारा प्रसारित खबरों में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

'डॉन' समाचार पत्र ने बताया कि बच्चे को ट्यूमर था और उसका रावलपिंडी के एक अस्पताल में उपचार किया जा रहा था, लेकिन बृहस्पतिवार को उसने दम तोड़ दिया था। समाचार पत्र ने बताया कि बच्चे के शव को दफनाने के लिए शुक्रवार को पीआईए की उड़ान के जरिये पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्तिस्तान क्षेत्र में उसके पैतृक गांव कात्शी ले जाया जाना था।

उसने बताया कि मृतक के माता-पिता ने शुक्रवार सुबह इस्लामाबाद से स्कर्दू शहर के लिए पीआईए की उड़ान में टिकट बुक कराए थे और वे सुबह छह बजे शव को इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर लाए। समाचार पत्र के अनुसार, उन्होंने शव को उड़ान के जरिये ले जाने की प्रक्रिया पूरी की लेकिन जब वे स्कर्दू पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि शव गलती से इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर ही रह गया है। यह सुनकर माता-पिता सदमे में हवाई अड्डे पर बेहोश हो गए और शव का इंतजार कर रहे उनके संबंधी हवाई अड्डे के लाउंज में एकत्र हो गए। उन्होंने पीएआई प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ तीन घंटे प्रदर्शन किया।

मृतक के माता-पिता और रिश्तेदारों ने पीआईए प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और आरोप लगाया कि गरीब परिवार ने पीआईए की उड़ान के जरिये शव लाने के लिए भुगतान किया था, लेकिन उसने घोर लापरवाही की। उन्होंने सरकार से इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। स्कर्दू हवाई अड्डे पर ड्यूटी पर मौजूद पीआईए, नागरिक उड्डयन प्राधिकरण एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपनी गलती स्वीकार की और माता-पिता को शनिवार को शव उन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। पीआईए अधिकारियों ने कहा कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पाकिस्तान की शीर्ष अदालत के फैसले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन ने 27 आरक्षित सीट गंवायी

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि प्रांतीय एसेम्बली के अध्यक्ष ने 27 जन प्रतिनिधियों की सदस्यता स्थगित कर दी है। मीडिया ने यह जानकारी दी है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने एक निचली अदालत के उस फैसले को निलंबित कर दिया जिसमें उसने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल को महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट में उसका हिस्सा देने से इनकार कर दिया था।

प्रांतीय एसेम्बली के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद खान ने आरक्षित सीट पर नियुक्त की गयी महिलाओं और गैर मुसलमानों की सदस्यता स्थगित कर दी। उन्हें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की पिछली अधिसूचनाओं के मार्फत आरक्षित सीट पर नियुक्त किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने यह खबर दी है।

## भारत-अफ्रीकी देशों के बीच चिकित्सा पर्यटन बढ़ाने के लिए यशोदा कौशांबी ने की पहल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अफ्रीकी देशों के साथ चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल- कौशांबी ने उद्योग निकाय फिक्की की मदद से यहां एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल- कौशांबी ने एक बयान में कहा कि मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) के बढ़ते क्षेत्र और इसकी संभावनाओं पर विचार करने के लिए आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में अफ्रीकी देशों के प्रमुख राजनयिक शामिल हुए। बयान के मुताबिक एमवीटी से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत और अफ्रीका के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा मिल सकता है।

कार्यक्रम में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पी एन अरोड़ा और प्रबंध निदेशक डॉ उपासना अरोड़ा ने एमवीटी के महत्व और अंतरराष्ट्रीय रोगियों के लिए उसके महत्व के बारे में बताया। इस दौरान मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, अल्जीरिया, युगांडा, मेडागास्कर, इथियोपिया और कई अन्य अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा, ''हम इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फिक्की और राजदूतों के गहराई से आभारी हैं।

### दर्शन



चार धाम यात्रा की शुरुआत के साथ शनिवार को केदारनाथ के कपाट खुलने के एक दिन बाद भक्त बाबा केदार के दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

## यदि पाकिस्तान से इतना प्यार है तो वहां से चुनाव लड़ें : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की पाकिस्तान पर टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर उन्हें पड़ोसी देश से इतना ही प्यार है तो पार्टी को वहां से चुनाव लड़ना चाहिए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में अय्यर को यह कहते सुना जा सकता है कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और चूंकि उसके पास भी परमाणु बम है इसलिए उससे बातचीत की जानी चाहिए। अय्यर ने दावा किया कि यह वीडियो पुराना है और भाजपा इस वीडियो को अब इसलिए फैला रही है क्योंकि उसका चुनाव प्रचार अभियान लड़खड़ा रहा है। यादव ने यहां एक रोडशो में हिस्सा लेने से पहले कहा, ''कांग्रेस के नेता चुनाव यहां लड़ रहे हैं लेकिन समर्थन पाकिस्तान से ले रहे हैं। आपको पाकिस्तान से क्या लेना-देना है? अगर आपको पाकिस्तान से इतना ही प्यार है तो वहां से चुनाव लड़ें।'' यादव ने कहा कि पहले पाकिस्तान, भारत में अशांति पैदा करता था लेकिन ''अब हिंदुस्तान बदल रहा है।'' उन्होंने कहा कि अयोध्या में जिस तरह भगवान राम का मंदिर बना, मथुरा में भी भगवान कृष्ण का मंदिर बनेगा। चुनाव के चौथे चरण में मध्य प्रदेश में आखिरी चरण का मतदान 13 मई को होगा।

### संबोधन



पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती शनिवार को श्रीनगर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती हुईं।

## शिल्पा शेट्टी ने केदारनाथ धाम में किए बाबा भोलेनाथ के दर्शन

मुंबई/एजेन्सी। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने परिवार वालों के साथ केदारनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ का दर्शन किया। अक्षय तृतीया के मौके पर शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ बाबा भोलेनाथ की शरण में केदारनाथ पहुंची थीं। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के पहले ही दिन शिल्पा शेट्टी ने भोलेनाथ के दर्शन किये। केदारनाथ से शिल्पा शेट्टी और उनकी फैमिली की कई फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शिल्पा शेट्टी अपनी बेटी, मां और बहन शमिता शेट्टी के साथ केदारनाथ धाम पहुंची थीं। वायरल वीडियो में शिल्पा शेट्टी, माथे पर चंदन, आंखों पर चश्मा और चेहरे पर बड़ी-सी स्माइल के साथ बेटी शमिशा को गोद में उठाए अपनी मां और बहन शमिता शेट्टी के साथ पोज करती दिख रही हैं। शिल्पा शेट्टी और उनकी फैमिली की यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है।शिल्पा शेट्टी केदारनाथ धाम से पहले अपनी मां और बहन के साथ कामाख्या मंदिर गई थीं।

## जापान में धूम मचा रही है सलमान खान की 'टाइगर 3'



मुंबई/एजेन्सी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3, जापान में धूम मचा रही है। यशराज बैनर तले बनी मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म टाइगर 3 पिछले साल प्रदर्शित हुयी थी। टाइगर 3 में सलमान खान,कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी ने मुख्य भूमिका निभायी थी।फिल्म 'टाइगर 3' जापान में रिलीज की गयी है। जापान में इंडियन फिल्मों का बहुत क्रेज है।जापान में फिल्म टाइगर 3 के रिलीज के एक सप्ताह पूरे हो गये हैं। जापान में फिल्म की रिलीज से पहले सलमान खान ने जापानी फैंस के लिए एक मैसेज भी छोड़ा था। सलमान खान इस वीडियो में कहते दिख रहे थे कि वह फिल्म टाइगर 3 के जापान में रिलीज होने पर बेहद एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज के मौके पर जापान में होना चाहते थे। टाइगर 3 ने जापान में सात दिनों में करीब 15 मिलियन की कमाई कर ली है।

## विवादों में घिरी किरण राव की 'लापता लेडीज'

मुंबई/एजेन्सी



एक तरफ जहां लापता लेडीज को पसंद किया जा रहा है वहीं अब मूवी को लेकर नया बखेड़ा खड़ा होता दिखाई दे रहा है। फिल्म डायरेक्टर अनंत महादेवन ने मूवी को लेकर चौकाने वाला खुलासा किया है। लापता लेडीज एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार चर्चा की वजह कुछ और ही है। दरअसल, किरण राव की ये फिल्म अब विवादों में घिर गई है। फिल्म डायरेक्टर अनंत महादेवन ने मूवी के कुछ सीन कॉपी होने के आरोप लगाए हैं। अनंत ने आरोप लगाया है कि 'लापता लेडीज' के कुछ सीन साल 1999 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'घूंघट के पट खोल' से कॉपी किए गए है। बता दें कि आमिर खान के साथ अनंत 'अकेले हम अकेले तुम', 'इश्क', 'मन' जैसी फिल्मों में काम भी कर चुके हैं।

एक इंटरव्यू में अनंत ने बताया कि 'लापता लेडीज' की कहानी 'घूंघट के पट खोल' जैसी है। फिल्म में रेलवे स्टेशन पर घूंघट में रहने वाली दुल्हनों के साथ हेर-फेर हो जाती है। उन्होंने बताया, 'लापता लेडीज' में बिल्कुल वैसा ही होता है। उन्होंने ये भी बताया कि 'घूंघट के पट खोल' ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से गायब हो गई है। उन्होंने संभावना जताई कि 'लापता लेडीज' की ओटीटी रिलीज के बाद उनकी मूवी हटा दी गई है।

## हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा कोइराला

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा ,संजीदा शेख फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी: द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है।'हीरामंडी द डायमंड बाजार' में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं ।शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए।मनीषा कोइराला ने मल्लिका जान के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की थी। उनके सामने एक चुनौती तो यही थी कि उन्हें उर्दू बोलनी नहीं आती थी। अच्छा शॉट देने के लिए मनीषा, सात घंटे तक सेट पर बैठी रही थीं। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी।




## फिल्म 'द वर्जिन ट्री' की शूटिंग की पूरी

मुंबई/एजेन्सी

एक्टर नवनीत मलिक ने अपकमिंग फिल्म 'द वर्जिन ट्री' की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में उन्होंने संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारा है। एक्टर ने कहा कि रणबीर कपूर के 2018 की फिल्म 'संजू' में संजय की भूमिका के बाद फिर उसी चरित्र को निभाना उनके लिए सम्मान की बात है। फिल्म में नवनीत की भूमिका संजय के 'रॉकी' लुक से प्रेरित है, जो उनके किरदार की प्रामाणिकता को और बढ़ाता है। फिल्म में अनुभव के बारे में नवनीत ने कहा कि संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारना मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद संजय दत्त की भूमिका को निभाना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि संजय के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। वह न सिर्फ एक अद्भुत अभिनेता हैं, बल्कि एक अद्भुत इंसान भी हैं। शूटिंग का अनुभव शानदार था। द वर्जिन ट्री की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई है। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है।



## 'अरनमनई 4' की सफलता से खुश राशि खन्ना, कहा- निर्देशक के भरोसे फिल्म को किया साइन

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी लेटेस्ट रिलीज 'अरनमनई 4' को मिल रहे रिस्पांस से बेहद खुश हैं। फिल्म पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए राशि ने कहा, मैंने 'अरनमनई 3' में काम किया है, इसलिए जब 'अरनमनई 4' का ऑफर आया, तो मैंने बिना स्क्रिप्ट देखे इसे साइन कर लिया।

मुझे अपने निर्देशक सुंदर सी. पर भरोसा था। वह हॉरर-कॉमेडी शैली के उस्ताद हैं, और मैंने बस उस भरोसे के साथ इसमें कदम रखा।'' जब फिल्म निर्माता कहानी को लेकर स्पष्ट होता है, तो एक्टर्स के लिए यह बहुत आसान हो जाता है। हमें बस उनके विजन को फॉलो करना होता था। यह सबसे आसान सेट था। रिस्पांस के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह जबरदस्त रही है। पहली प्रेस स्क्रीनिंग के बाद, मीडिया के कई लोगों ने मुझे मैसेज भेजा कि यह एक ब्लॉकबस्टर है और यह तमिल फिल्म इंडस्ट्री में धमाल मचाएगी। मुझे बहुत खुशी है कि दर्शकों ने इसे इतना प्यार दिया और जाहिर तौर पर थिएटर हर दिन हाउसफुल हो रहे हैं!'' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे 'अचाचो' गाने के लिए भी बहुत प्यार मिला। मैंने पहले कभी ऐसा गाना नहीं किया था, लेकिन मुझे लगता है कि अब मुझे ऐसा करना चाहिए। 'अरनमनई 4' में राशि डॉक्टर माया की भूमिका निभा रही हैं। राशि अब विक्रांत मैसी के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' में नजर आएंगी। यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## भारत की विविधता का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस होता है : सोनम कपूर

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस और फैशन आइकन सोनम कपूर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर देश की समृद्ध विरासत, इतिहास और विविधता का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह देश की विरासत को उजागर करने की कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा, अगर मुझे किसी न किसी रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना होता है, तो मैं देश की विविधता पर प्रकाश डालती हूं। हमारे पास इतनी मजबूत सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन सभ्यता है। इसका मतलब है कि भारत में जो कुछ भी बनाया जाता है उसका बहुत मूल्य होता है।'' सोनम ने कहा, यह एक बहुसांस्कृतिक जगह है, जहां कई धर्मों के लोग एक साथ सद्भाव से रहते हैं और इसका प्रतिनिधित्व करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, योग और आध्यात्म की भूमि होने के अलावा, भारत अपने संगीत और कारीगर शिल्प कौशल के लिए भी प्रसिद्ध है। यह आभूषण और कढ़ाई का क्षेत्र है। सोनम इंडियन क्राफ्टसमैनशिप को चैंपियन बनाने के लिए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, जब आपके पास एक प्लेटफॉर्म होता है, तो आप पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। यह देखना दिलचस्प होता है कि लोग इसकी सराहना कैसे करते हैं और खुद को इससे कैसे जोड़ते हैं।'' एक्टिंग की बात करें तो सोनम 'बैटल फॉर बिटोरा' के लिए तैयारी कर रही हैं।

## माता सीता की भूमिका निभाने से मुझे विश्वास की शक्ति को समझने में मदद मिली : प्राची बंसल

मुंबई/एजेन्सी



जानीमानी अभिनेत्री प्राची बंसल का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित 'श्रीमद रामायण' में उन्हें माता सीता की भूमिका निभाकर विश्वास की शक्ति को समझने में मदद मिली है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर श्रीमद रामायण, भगवान राम की कालजयी सीखों के मार्मिक चित्रण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। चल रहे एपिसोड इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे भगवान हनुमान, माता सीता को खोजने की अपनी खोज में अशोक वाटिका तक पहुंचते हैं और उन्हें राक्षस योद्धाओं की सुरक्षा में एक उपवन में देखते हैं।वह खुद को भगवान राम के दूत के रूप में पेश करते हैं और उन्हें वह अंगूठी भेंट करते हैं जो भगवान राम ने उनके लिए भेजी थी, जिससे माता सीता के दिल में आशा फिर से बहाल हो गई कि उनके पति अंततः उन्हें ढूंढ लेंगे और उन्हें बचा लेंगे। जैसे ही वह अशोक वाटिका छोड़ने के लिए आगे बढ़ते हैं, उन्हें एहसास होता है कि वह भूखे हैं और भोजन की तलाश करते समय, उन्हें सुरक्षाकर्मी देख लेते हैं और वह उनसे लड़ना शुरू कर देते हैं। अराजकता जल्द ही रावण के छोटे बेटे अक्षय कुमार के ध्यान में आती है, जो उनके बीच युद्ध जैसी स्थिति को जन्म देती है। अंततः भगवान हनुमान अक्षय कुमार को मार देते हैं! रावण का बड़ा बेटा, मेघनाद अपने भाई की मृत्यु की खबर सुनकर क्रोधित हो जाता है, अपने ब्रह्मास्त्र का उपयोग करके भगवान हनुमान को पकड़ लेता है और फिर उन्हें प्रतिशोध के लिए लंका राजा रावण को सौंप देता है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.


जीतो चैप्टर नॉर्थ व केकेजी जोन के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग द्वारा ऑनलाइन निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।




# सामायिक में मात्र मंत्र नहीं, परमात्मा को हृदय में उतारना है : आचार्य प्रसन्नसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के होसूर रोड स्थित सत्यसाई निलयम सभागार में शनिवार को अंतर्मना 108 आचार्य श्री प्रसन्नसागरजी म.सा. ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मन में जो जिसके प्रति आस्था रखता है, वह उसके समीप होता है । चंद्रमा आकाश में उदित होता है ,लेकिन उसकी चांदनी से पृथ्वी पर स्थित कमलिनी खिल उठती है। सूर्य आकाश में उगता है लेकिन अपनी रश्मियाँ बाँटता तो है। परमात्मा चाहे कहीं दूर, सुदूर सिद्धालय में क्यों न हो , लेकिन उनका गुणस्मरण आत्मा को पवित्र करता तो है। याद रहें कि स्मरण इतना महत्वपूर्ण है, तो साक्षात् परमात्मा का हृदय में बसना कितना महत्वपूर्ण और चमत्कारिक नहीं होगा? सामायिक में मात्र मंत्र नहीं जपना है परमात्मा को हृदय में उतारना है। उपाध्याय सौम्यमूर्ति पीयूष सागरजी ने सम्यक ज्ञान और प्रवर्तक डॉ मुनि सहज सागर ने सम्यकज्ञान से संसार पार करने का मार्ग बताया ।



**कन्या पूजन**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर शनिवार को हमीरपुर जिले के समीरपुर में अपने आवास पर विजय संकल्प यात्रा शुरू करने से पहले कन्या पूजन करते हुए।

# सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान की पाकिस्तान यात्रा स्थगित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। सऊदी अरब के युवराज (क्राउन प्रिंस) मुहम्मद बिन सलमान की बहुप्रतीक्षित पाकिस्तान यात्रा अज्ञात कारणों से स्थगित कर दी गई है। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, पहले उम्मीद थी कि वे 19 मई को दो दिवसीय दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचेंगे। सऊदी अरब के युवराज की यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि इस्लामाबाद और रियाद के बीच एक कार्यक्रम तैयार होते ही यात्रा का विवरण सार्वजनिक किया जाएगा।

बलूच ने भरोसा जताया कि यात्रा जल्द ही होगी और निश्चित रूप से मूल्यवान होगी, क्योंकि पाकिस्तान के लोग सऊदी अरब के नेता का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। मार्च में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सऊदी अरब की यात्रा के बाद पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में राजनयिक और व्यापार-संबंधी वार्ता के बाद यह उच्चस्तरीय यात्रा होने की संभावना थी। सऊदी अरब के युवराज की यात्रा अब विलंबित हो गई है। उनकी यात्रा नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान के लिये बहुत महत्व रखती है।

पाकिस्तान विभिन्न क्षेत्रों में सऊदी अरब से बड़ा निवेश आने की उम्मीद लगाए है। मोहम्मद बिन सलमान की पांच साल में यह पहली पाकिस्तान यात्रा होगी। पिछली बार उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के शासनकाल के दौरान फरवरी 2019 में पाकिस्तान का दौरा किया था। वह क्षेत्र की अपनी यात्रा के तहत 2022 में पाकिस्तान आने वाले थे, लेकिन अंतिम समय में यात्रा रद्द कर दी गई थी। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच मजबूत व्यापार, रक्षा और सांस्कृतिक संबंध हैं। सऊदी अरब में 27 लाख से अधिक पाकिस्तानी प्रवासी रहते हैं।



**चुनावी रैली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी नेता वाईएस शर्मिला शनिवार को आंध्र प्रदेश के कडप्पा के पुट्टा एस्टेट बिल्ट-अप सर्कल में एक चुनावी रैली म् शिरकत करते हुए।



# श्रीरामपुरम में 80 से अधिक प्रशिक्षुकों को दिया जाएगा फुटबाल का प्रशिक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के दि ह्यूमन राइट्स कैंपेन कमेटी एवं साउथ कैसल यूनाइटेड फुटबॉल अकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में श्रीरामपुरम स्थित डॉ अंबेडकर खेल मैदान में निशुल्क फुटबॉल समर कैंप 2024 का आयोजन किया गया।


इस शिविर में 80 से भी ज्यादा विद्यार्थियों को 2 महीने तक फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि उन्हें भविष्य में विभिन्न अकादमी में अवसर मिल सके। इस मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक,मानसिक व्यक्तित्व विकास तो होता ही है साथ ही भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा मिलता है।

**संबोधन**



मल्काजगिरी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार एटाला राजेंदर शनिवार को सिकंदराबाद में भाजपा पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

**प्रचार**



शनिवार को कर्नाटक के सीमावर्ती प्रदेश आन्ध्रप्रदेश के मदाकाशिरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने संबोधित किया।

# भाजपा नेता वकील देवराजे गौड़ा गिरफ्तार

चित्रदुर्गा/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पेशे से वकील जी. देवराजे गौड़ा को हासन से जनता दल सेक्युलर के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से कथित तौर पर जुड़े एक अश्लील वीडियो को सार्वजनिक करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, पेन ड्राइव के जरिये वीडियो लीक करने के आरोप में देवराजे गौड़ा को हिरियुर पुलिस ने चित्रदुर्गा जिले के गुलिहाल टोल नाका पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गौड़ा को हासन पुलिस से मिली गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

कर्नाटक में 26 अप्रैल को मतदान से पहले प्रज्ज्वल से कथित तौर पर जुड़े कई अश्लील वीडियो सामने आये थे। देवराजे गौड़ा पर इन वीडियो को लीक करने का आरोप है, जिसे वह सिरे से खारिज कर चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता प्रज्ज्वल रेवन्ना फरार है और इंटरपोल ने उसके खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस जारी किया है।



# जीतो द्वारा आयोजित ऑनलाइन निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में गंभीर विषयों पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर नॉर्थ व केकेजी जोन के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग द्वारा ऑनलाइन निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। 'जल संकट, फॉसिल फ्यूल उपयोग, प्राकृतिक बदलाव, महिलाओं में फाइनेंशियल लिटरेसी' निबंध का और 'आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस-ह्यूमन इंटेलिजेंस, ऑनलाइन या ऑफ लाइन शॉपिंग, डिजिटल या वैदिक दुनिया, जैन धर्म या विज्ञान, स्वाग या संस्कार' विषय पर वाद विवाद का जोनल स्तर पर आयोजन पर किया गया जिसमें देश भर से लगभग 80 सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षक हितेश गिरिया ने प्रतियोगिता संबंधी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएँ किसी भी विषय में विचारों को प्रस्तुत करने सक्षम है। मोटिवेशनल स्पीकर मधु जैन ने निबंध की भाषा सरल होने की अनिवार्यता एवं विषय की जानकारी दी। गणित एवं विज्ञान विषय विशेषज्ञ तनुजा मेहता ने वाद-विवाद में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बोलने और सोचने के अभ्यास पर ज़ोर दिया।

जीतो चैप्टर चेयरमैन इंदरचंद बोहरा ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। केकेजी ज़ोन के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन ने ज़ोन की ओर से सभी का स्वागत किया।

केकेजी महामंत्री दिलीप जैन ने कहा कि मोबाइल के इस तकनीकी युग में हम लेखन कला को भूलने लगे है। ऐसे में केकेजी ज़ोन और जीतो लेडीज विंग नॉर्थ द्वारा यह ऑनलाइन प्रतियोगिता सभी में आत्मविश्वास, स्वतंत्रता, और सोचने की क्षमता को आगे बढ़ाएगी। जीतो लेडिस विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता ललवानी, महामंत्री शीतल दुगड़, डायरेक्टर इंचार्ज सुनीता बोहरा, स्किल डेवलपमेंट की संयोजिका रितु चोरड़िया, केकेजी ज़ोन अध्यक्ष अशोक सालेचा, जेएलडब् संयोजिका यश्मा जैन ने शुभकामनाएँ दि। तीनों विशेषज्ञों व निर्णायकों का परिचय क्रमश संयोजिका मनीषा डोशी, सह-संयोजिका अलका लोढ़ा ने दिया। दोनों प्रतियोगिता में प्रथम तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। लेडीज विंग अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना ने तकनीकी कार्यभार सँभाला। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने संचालन किया।



# तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर ने 'महाश्रमणोत्सु मंगलम' में किया आचार्यश्री का गुणगान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में 'महाश्रमणोत्सु मंगलम' का बेंगलूरु स्तरीय कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल ने किया। राजाजीनगर में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी, उदितयशाजी के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में 50 से अधिक सदस्याओं ने भाग लिया। साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने अनेक उदाहरणों से गुरुदेव के संस्मरणों को श्रावक समाज के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने आचार्य श्री की करुणामई चेतना को तथा उनके दृष्टि संयम को समझाते हुए कुछ संस्मरण सुनाए। साध्वीश्री उदितयशाजी ने आचार्यश्री महाश्रमणजी की दीक्षा पर्याय के स्वर्णिम 50 वर्ष की पूर्णता पर कहा कि मंगल बनने के लिए संयम की चेतना को उजागर करना होगा।

उन्होंने कहा कि हमें भी गुरुदेव के संयममय जीवन से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक श्रावक को संकल्प करने की कोशिश करनी चाहिए। साध्वी श्री भव्ययशाजी ने आचार्य श्री महाश्रमण से संबंधित प्रश्न पूछे एवं गुरुदेव की सुदीर्घ यात्रा का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए सभी को एक दो किलोमीटर पैदल चलकर दर्शन करने की प्रेरणा दी। संचालन करते हुए साध्वी संगीतप्रभाजी ने आचार्य श्री की विशेषताओं को बताते हुए उसे संकल्प के माध्यम से प्रत्येक श्रावक श्राविका को इसे जुड़ने की प्रेरणा दी। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की कर्नाटक प्रभारी मधु कटारिया ने अपने विचार व्यक्त किया। राष्ट्रीय परामर्शिका लत जैन, विभिन्न तेरापंथ सभा, तेयुप के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। सभी का स्वागत एवं आभार राजाजीनगर महिला मंडल की अध्यक्षा उषा चौधरी ने किया।



# विजयनगर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित हुआ 'महाश्रमाणोस्तु मंगलम'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा पर्याय के स्वर्णिम 50 वर्ष दीक्षा कल्याण महोत्सव के अवसर पर 'महाश्रमणोस्तु मंगलम' कार्यक्रम का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वार शनिवार को तेरापंथ भवन में किया गया। कन्या मंडल की कन्याओं ने महाश्रमण अष्टम् का संगान कर गुरु की अभ्यर्थना की। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए गुरुदेव के प्रति अपनी अभिवंदना व्यक्त की तथा मुमुक्षु मीनाक्षी ने उनके भावी संयम जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता मुमुक्षु मीनाक्षी का परिचय मंत्री दीपिका गोखरू ने दिया। मुमुक्षु मीनाक्षी ने गुरुदेव के व्यक्तित्व से जुड़ी अनेक विशेषताओं का उल्लेख किया। साथ ही कहा कि गुरुदेव का सपना है। मुमुक्षु श्रेणी वर्धमान हो, आप सभी भी इसकी अनुप्रेक्षा करें कि गुरुदेव का यह सपना साकार हो।

इस मौके पर आचार्यश्री महाश्रमण जी की पुस्तक 'परम सुख का पथ' पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। तेरापंथ सभा के मंत्री मंगल कोचर ने भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में तेयुप अध्यक्ष राकेश पोकरणा सहित कन्या मंडल की संयोजिका ध्वनि गन्ना व उनकी पूरी टीम एवं ज्ञानशाला के सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया एवं आभार संगीता चावत ने किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com